
Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2023-25 www.dainikvishwapariwar.com रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 238 ● वर्ष : 13 ● रायपुर, शुक्रवार 20 फरवरी 2026 ● पृष्ठ : 12 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



जैन धर्म का मूल विस्तार यह है कि वह प्रत्येक आत्माओं को परमात्मा बनाने की क्षमता को बताता है।

The fundamental of jainism is that it explains every soul's capability to become god.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

# पीएम मोदी की यूरोपीय नेताओं से मुलाकात




**नई दिल्ली।** आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट के मौके पर नीदरलैंड के प्रधानमंत्री डिक शूफ और स्विट्जरलैंड के राष्ट्रपति गाय पार्मेलिन से अलग-अलग बैठकें कीं। इन बैठकों में भारत और यूरोप के बीच आर्थिक, तकनीकी और रणनीतिक सहयोग को आगे बढ़ाने के मुद्दों पर सार्थक चर्चा हुई। विदेश मंत्रालय के अनुसार, डच प्रधानमंत्री के साथ बैठक में दोनों नेताओं ने आर्थिक और सामाजिक बदलाव के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग पर विचार साझा किए। भारत-ईयू एफटीए को जल्द लागू कराने की प्रतिबद्धता दोहराई गई और टेक्नोलॉजी व इनोवेशन के क्षेत्र में सहयोग मजबूत करने पर सहमति बनी। दोनों पक्षों ने आर्थिक साझेदारी के नए अवसर तलाशने और आतंकवाद के खिलाफ मिलकर काम करने का संकल्प भी व्यक्त किया। भारत और नीदरलैंड के बीच साझा लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित मजबूत द्विपक्षीय संबंध हैं। जल प्रबंधन के क्षेत्र में दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, जिसमें बाढ़ प्रबंधन, स्वच्छ पानी उपलब्ध कराने की तकनीक और विशेषज्ञता साझा करना शामिल है। स्विस राष्ट्रपति के साथ बैठक में भारत-ईएफटीए व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौते तथा एआई इनोवेशन में सहयोग को लेकर विस्तृत चर्चा हुई।

## मोदी और अबू धाबी के प्रिंस की हुई द्विपक्षीय वार्ता



**नई दिल्ली।** इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के बीच द्विपक्षीय बैठक हुई। बैठक में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने और उन्नत तकनीक में साझेदारी मजबूत करने पर चर्चा हुई। विदेश मंत्रालय भारत के अनुसार, दोनों नेताओं ने भारत और संयुक्त अरब अमीरात के ऐतिहासिक संबंधों को याद करते हुए विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति पर संतोष व्यक्त किया।

## भारत मंडपम में एआई इम्पैक्ट समिट

## छत्तीसगढ़ का स्टॉल बना आकर्षण का केंद्र




**रायपुर (विश्व परिवार)।** भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट में छत्तीसगढ़ द्वारा स्थापित स्टॉल देश-विदेश से आए निवेशकों, तकनीकी विशेषज्ञों, उद्योग प्रतिनिधियों और आगंतुकों के लिए प्रमुख आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। छत्तीसगढ़ ड्रिवन बाय इंटेलिजेंस थीम पर आधारित इस स्टॉल में राज्य की उभरती कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) क्षमता, अत्याधुनिक डिजिटल अधोसंरचना और निवेश संभावनाओं को प्रभावी ढंग से प्रदर्शित किया जा रहा है। स्टॉल में डिजिटल प्रस्तुति, सूचना पैनल और इंटरैक्टिव माध्यमों के जरिए छत्तीसगढ़ को उभरते टेक्नोलॉजी हब के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है, जिससे निवेशकों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। स्टॉल में विशेष रूप से नवा रायपुर में स्थापित किए जा रहे देश के पहले एआई डाटा सेंटर पार्क की जानकारी प्रमुखता से दी जा रही है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना में लगभग 1000 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है तथा इसमें एक लाख तक ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट (जीपीयू) स्थापित किए जाने की क्षमता विकसित की जाएगी। यह परियोजना देश में एआई आधारित सेवाओं, उच्च क्षमता डाटा प्रोसेसिंग और डिजिटल नवाचार को नई गति प्रदान करते हुए छत्तीसगढ़ को भविष्य की अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में स्थापित करने में सहायक होगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस अवसर पर कहा कि एआई इम्पैक्ट समिट में छत्तीसगढ़ का स्टॉल देश-विदेश के निवेशकों और तकनीकी विशेषज्ञों के लिए आकर्षण का केंद्र बनना प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि नवा रायपुर में देश के पहले एआई डाटा सेंटर पार्क के माध्यम से राज्य को डिजिटल नवाचार, उच्च तकनीकी निवेश और भविष्य की अर्थव्यवस्था का अग्रणी केंद्र बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ा जा रहा है।

## बांग्लादेश में तारिक रहमान की ताजपोशी के बाद तुर्की की चाल एर्दोगन ने बेटे को भेजा ढाका, भारत के लिए खतरे की घंटी!



**ढाका।** बांग्लादेश में नई सरकार बनने के तुरंत बाद तुर्की के राष्ट्रपति एर्दोगन के बेटे बिलाल एर्दोगन का अचानक ढाका दौरा चर्चा में है. भारत और बांग्लादेश के रिश्तों में सुधार के बीच हुए इस दौरे को रणनीतिक नजर से देखा जा रहा है.

TIKA प्रोजेक्ट्स, रोहिंग्या कैंपों की यात्रा और बढ़ती तुर्की मौजूदगी ने क्षेत्रीय सियासत को और संवेदनशील बना दिया है. कट्टर इस्लामिक पार्टी जमात-ए-इस्लामी सत्ता में नहीं आ सकी लेकिन बांग्लादेश की सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी बन चुकी है जो संसद में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के विदेश समेत सभी तरह के नीतिगत फैसलों पर असर डाल सकती है. बांग्लादेश में जमात का दायरा बढ़ा है और पाकिस्तान, तुर्की जैसे पड़ोसी इस्लामिक देश इसका फायदा उठाने में जुट गए हैं.

बांग्लादेश के आम चुनाव में जमात-ए-इस्लामी ने गठबंधन के जरिए 77 सीटें जीतकर अपनी ताकत बढ़ाई है. इस बीच तुर्की के राष्ट्रपति के बेटे बिलाल एर्दोगन बांग्लादेश पहुंचे हैं जो तुर्की और जमात के बीच बढ़ते संबंधों का संकेत है.

## राहुल गांधी और 25 सांसदों को जान से मारने की धमकी, आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** लोकसभा में हाल ही में हुए हंगामे को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी और 25 अन्य सांसदों को जान से मारने की धमकी देने वाले एक व्यक्ति को राजस्थान पुलिस ने कोटा से हिरासत में लिया है। सोशल मीडिया पर एक विवादित वीडियो अपलोड करने वाले इस व्यक्ति ने खुद को राज सिंह बताया है और दावा किया है कि वह करणी सेना का प्रवक्ता है। पुलिस फिलहाल उससे सघन पूछताछ कर रही है।

वायरल वीडियो में राज सिंह ने आरोप लगाया कि बजट सत्र के दौरान कांग्रेस सांसदों ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के साथ अभद्रता की थी। इसी से नाराज होकर उसने सीधे राहुल गांधी को चेतावनी देते हुए कहा, राहुल गांधी, ध्यान से सुन लो, अगर ऐसी घटना दोबारा हुई तो हम तुम्हें तुम्हारे घर में घुसकर गोली मार देंगे। उसने यह भी मांग की कि यदि 24 घंटे के अंदर 25 सांसदों को गिरफ्तार नहीं किया गया, तो वह उन्हें एक-एक करके निशाना बनाएगा।

## कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता विवि में कुलपति की हुई नियुक्ति



**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ के राज्यपाल एवं कुलाधिपति रामेन डेका ने कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय रायपुर में कुलपति की नियुक्ति की है। प्रोफेसर मनोज दयाल को च्ञ्ज के कुलपति बनाए गए हैं। वह वर्तमान में गुरु जंभेश्वर यूनिवर्सिटी आफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी हिसार हरियाणा में मास कम्युनिकेशन विभाग के प्रोफेसर हैं। जारी आदेश में उल्लेखित है कि छत्तीसगढ़ कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय अधिनियम, 2004 एवं संशोधन अधिनियम 2025 की धारा 11 की उपधारा (1) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्यपाल एवं कुलाधिपति, कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय, रायपुर द्वारा प्रो. मनोज दयाल को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय रायपुर का कुलपति नियुक्त किया गया है।

## डीकेएस पोस्ट ग्रेज्यूट इंस्टीट्यूट व रिसर्च सेंटर में डाक्टरों का टोटा




**रायपुर (विश्व परिवार)।** राजधानी रायपुर में दाऊ कल्याण सिंह अस्पताल में स्नातकोत्तर संस्थान एवं अनुसंधान केंद्र खोला गया था ताकि लोगों को उचित चिकित्सा एवं विषय विशेषज्ञों की सेवा मिल सके। लेकिन नौकरशाहों के चलते विषय विशेषज्ञों की कमी हो गई है जिसके चलते यहां पर अब डॉक्टरों का टोटा हो गया है। अभी तक कुल 19 से अधिक पद रिक्त है। जो कि विभिन्न विभागों के है। ज्ञात रहे इस अस्पताल को पोस्ट ग्रेज्युट इंस्टीटयुट ऑफ रिसर्च सेंटर का दर्जा दिया गया है। डीके अस्पताल पोस्ट ग्रेज्युट इंस्टीटयुट ऑफ रिसर्च सेंटर के अस्पताल अधीक्षक एकेडमी इंचार्ज ने एक विज्ञापन जारी कर विभिन्न विभागों में रिक्त पदों के लिए सहायक प्राध्यापक सीनियर जूनियर रेसिडेंट के रिक्त पदों की संविदा भर्ती के लिए एक विज्ञापन जारी किया गया है। ज्ञात रहे इस अनुसंधान केंद्र में सभी आधुनिक सुविधाएं प्रदान की है जो निजी अस्पताल के टक्कर में है लेकिन नौकरशाहों और डॉक्टरों के भर्राशाही के चलते यह अस्पताल अपने उद्देश्य में सफल नहीं हो पा रहे हैं। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दामाद रहे चिकित्सक दामाद ने इस अस्पताल को बनाने के लिए करोड़ों खर्च कराया था लेकिन यह अस्पताल खाली हो गया है। यहां पर किडनी के ईलाज की विशेष व्यवस्था की गई थी। डायलिसिस सहित अन्य व्यवस्था की गई है। जिससे आम लोगों को काफी राहत मिलती है।

अस्पताल अधीक्षक डीके अस्पताल रिसर्च सेंटर के अनुसार सहायक प्राध्यापक विभाग एंड्रोक्राइनोलॉजी, एनेसथिसिया, गैस्ट्रो इंट्रोलाजी, न्यूरोलॉजी गैस्ट्रो सर्जन नेफ्रोलॉजी, न्यूजोसर्जरी विभाग में कुल 7 पद रिक्त है। जबकि सीनियर रेसिडेंट के चार पदों के लिए गैस्ट्रो सर्जरी न्यूरोलॉजी न्यूरो सर्जरी, पीडियाट्रिक्स में चार पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किये गये है।

## राज्यसभा चुनाव: सियासी हलचल हुई तेज

- कांग्रेस और भाजपा के प्रत्याशियों को लेकर सस्पेंस बरकरार




**रायपुर (विश्व परिवार)।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उच्च सदन कहे जाने वाले राज्यसभा के चुनाव के लिए अधिकृत घोषणा कर दी गई है, जिसके चलते छत्तीसगढ़ में सियासी हलचल तेज हो गई है। कांग्रेस और भाजपा के प्रत्याशियों को लेकर सस्पेंस बरकरार है। लेकिन अब महत्वाकांक्षी नेता जिले से लेकर हाईकमान तक चक्कर काट रहे हैं तथा अपने राजनीतिक आकाओं का चक्कर काट रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार भारतीय जनता पार्टी में वरिष्ठ नेता रहे दिलीप सिंह जुदेव की बहु संयोगिता सिंह जुदेव, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय और सतनाम समाज के नेता बालदास साहब को प्रत्याशी बनाए जाने की चर्चा है। ये तीनों भाजपा के प्रभावशाली नेता है, राजनीतिक और सामाजिक समीकरण के आधार पर इन तीनों का अपना-अपना महत्व है। इधर कांग्रेस से किसी का नाम चर्चा में नहीं आया है, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की दावेदारी की चर्चा है। भूपेश बघेल का कहना है कि इस संबंध में हाईकमान कोई अंतिम फैसला करेंगा। संख्या बल के आधार पर भाजपा का एक प्रत्याशी तथा कांग्रेस का एक प्रत्याशी का चुनाव कराया जाएगा।

छत्तीसगढ़ से राज्यसभा की कुल 5 सीटों में से 2 सदस्यों, श्री कवि तेजपाल सिंह तुलसी और सुश्री फूलो देवी नेताम का कार्यकाल 9 अप्रैल 2026 को पूर्ण हो रहा है। इन दोनों सीटों के रिक्त होने के कारण निर्वाचन की कार्यवाही प्रारंभ करते हुए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राज्यसभा के द्विवार्षिक निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा की गई है। आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार राज्यसभा सदस्यों के निर्वाचन के लिए 26 फरवरी को अधिसूचना जारी की जाएगी। नाम-निर्देशन पत्र 5 मार्च तक दाखिल किये जा सकेंगे। 6 मार्च को नामांकन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी। अभ्यर्थी 9 मार्च तक अपना नाम वापस ले सकेंगे। 16 मार्च को प्रात: 9 बजे से सायं 4 बजे तक मतदान होगा तथा उसी दिन सायं 5 बजे से मतगणना प्रारंभ की जाएगी।

**पोखरण में फिर गूंजेगी भारत की दहाड़...**

## आसमान में शक्ति प्रदर्शन करेंगे राफेल और तेजस

**जैसलमेर।** भारतीय वायुसेना 27 फरवरी 2026 को राजस्थान के जैसलमेर स्थित पोखरण रेंज में अपनी युद्धक क्षमता का ऐतिहासिक प्रदर्शन करने जा रही है। 'वायुशक्ति-2026' नामक इस युद्धाभ्यास में वायुसेना 'ऑपरेशन सिंदूर' की तर्ज पर अपनी मारक क्षमता का लोहा मनवाएगी। इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य दुश्मन पर त्वरित हमले, रणनीतिक बढ़त और 'आत्मनिर्भर भारत' की स्वदेशी शक्ति का प्रदर्शन करना है। इस बार के अभ्यास में एक नया एयरक्राफ्ट और आधुनिक तकनीक विशेष आकर्षण का केंद्र होंगे, जो आसमान में बाज की तरह मंडराकर पलक झपकते ही सटीक हमला करने में सक्षम हैं। वायुसेना इस दौरान दिन, शाम और रात के समय कठिन मिशनों को अंजाम देने की अपनी विशेषज्ञता प्रदर्शित करेगी। इसके अलावा, आपदा प्रबंधन और संघर्ष क्षेत्रों से सुरक्षित निकासी में वायुसेना की भूमिका का भी सजीव चित्रण किया जाएगा।



## टी20 विश्व कप सुपर-8 में 8 टीमें तय



**नईदिल्ली।** टी20 विश्व कप 2026 के सुपर-8 की तस्वीर पूरी तरह साफ हो चुकी है। भारत, दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे, वेस्टइंडीज, श्रीलंका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान ने सुपर 8 में जगह बनाई है। ऑस्ट्रेलिया का सुपर-8 से बाहर होना चौंकाने वाला है। वहीं पिछली बार सेमीफाइनल खेलने वाली अफगानिस्तान भी सुपर-8 में जगह नहीं बना सकी है। आईसीसी ने सुपर-8 का शेड्यूल जारी कर दिया है। सुपर-8 के लिए क्वालीफाई करने वाली टीमों को 2 ग्रुप में बांटा गया है। ग्रुप 1 में भारत, दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और वेस्टइंडीज हैं। ग्रुप 2 में श्रीलंका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान हैं।

## ऊर्जा विभाग के सचिव डॉ. रोहित यादव ने पत्रकारों से साझा की उपलब्धियां

- प्रदेश को देश की ऊर्जा राजधानी बनाने की दिशा प्रयास



**रायपुर (विश्व परिवार)।** ऊर्जा विभाग के सचिव डॉ. रोहित यादव ने आज नया रायपुर स्थित छत्तीसगढ संवाद के ऑडिटोरियम में पत्रकारों के साथ ऊर्जा विभाग की उपलब्धियों और आगामी योजनाओं पर विस्तार से अपने विचार साझा किए। उन्होंने बताया कि प्रदेश में ऊर्जा उत्पादन, पारेषण और वितरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है तथा आने वाले वर्षों के लिए एक व्यापक कार्ययोजना पर तेजी से काम किया जा रहा है।

डॉ. यादव ने जानकारी दी कि वर्तमान में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी, एनटीपीसी तथा निजी उत्पादकों को मिलाकर प्रदेश की कुल स्थापित विद्युत क्षमता 30 हजार 671.7 मेगावाट है। इसमें 28 हजार 824 मेगावाट ताप विद्युत, 220 मेगावाट जल विद्युत तथा सोलर, बायोमास आदि स्त्रोतों से 2,047 मेगावाट क्षमता शामिल है। ताप विद्युत क्षेत्र में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी की 2,840 मेगावाट, एनटीपीसी व निजी स्वामित्व के बिजलीघरों की 20 हजार 299 मेगावाट तथा कैप्टिव पॉवर प्लांट्स की 5 हजार 266 मेगावाट क्षमता है।

डॉ. यादव ने कहा कि भारत सरकार का फोकस ताप विद्युत पर निर्भरता कम कर कार्बन उत्सर्जन घटाने पर है। नेट जीरो कार्बन लक्ष्य के तहत वर्ष 2030 तक 500 गीगावॉट अक्षय ऊर्जा क्षमता विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे देश की 50 प्रतिशत ऊर्जा आवश्यकता नवीकरणीय स्त्रोतों से पूरी की जा सके। इस दिशा में जल विद्युत एवं पंप स्टोरेज परियोजनाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, जो ग्रिड संतुलन बनाए रखने में सहायक होंगी।

राज्य शासन द्वारा पंप स्टोरेज आधारित जल विद्युत परियोजनाओं को बढ़ावा देने के लिए नीति 2023 लागू की गई है। इसके तहत छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी द्वारा 8,300 मेगावाट क्षमता के छह स्थलों का चिन्हांकन किया गया है, जिनमें से पांच के फिजिबिलिटी रिपोर्ट तैयार हो चुकी है और डीपीआर निर्माणाधीन है। निजी क्षेत्र में भी लगभग 5,000 मेगावाट क्षमता की परियोजनाओं पर कार्य जारी है।

ऊर्जा सचिव डॉ. यादव ने बताया कि नवीकरणीय ऊर्जा विस्तार के तहत एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड एवं राज्य उत्पादन कंपनी के संयुक्त उपक्रम द्वारा लगभग 2 हजार मेगावाट क्षमता की परियोजनाएं विकसित की जा रही हैं। इनमें अटल बिहारी ताप विद्युत गृह के जलाशय में 6 मेगावाट फ्लोटिंग सोलर, कोरबा पूर्व के बंद राखड़ बांध पर 32 मेगावाट सौर संयंत्र तथा 500 मेगावाट-ऑवर बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम की स्थापना प्रस्तावित है। ऊर्जा सचिव ने बताया कि प्रदेश को देश की ऊर्जा राजधानी बनाने की दिशा में 32 हजार 100 मेगावाट क्षमता की नई परियोजनाओं हेतु विभिन्न संस्थाओं के साथ एमओयू किए गए हैं। इन परियोजनाओं में 12 हजार 100 मेगावाट ताप विद्युत, 4 हजार 200 मेगावाट न्यूक्लियर, 2 हजार 500 मेगावाट फ्लोटिंग सोलर तथा 13 हजार 300 मेगावाट पंप स्टोरेज क्षमता शामिल है। इन सभी परियोजनाओं के माध्यम से लगभग 3.4 लाख करोड़ रुपये के निवेश का मार्ग प्रशस्त हुआ है, जिसमें कई प्रमुख संस्थाएं भागीदार हैं। डॉ. यादव ने बताया कि छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी द्वारा कोरबा पश्चिम में 660-660 मेगावाट की दो सुपर क्रिटिकल इकाइयों एवं मड़वा में 800 मेगावाट की इकाई स्थापित करने की दिशा में कार्य प्रगति पर है।

## गगनयान मिशन की तैयारियों को मजबूती, ड्रोग पैराशूट टेस्ट सफल



**नई दिल्ली।** भारत के मानव अंतरिक्ष मिशन 'गगनयान' की तैयारियों को बड़ी सफलता मिली है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने गगनयान कार्यक्रम के लिए ड्रोग पैराशूट का सफल क्वालिफिकेशन लेवल लोड टेस्ट पूरा किया है। यह परीक्षण टर्मिनल बैलिस्टिक्स रिसर्च लेबोरेटरी की रेल ट्रैक रॉकेट स्लेज सुविधा में किया गया। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन द्वारा संचालित 'गगनयान' भारत का पहला मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन है। इस मिशन के तहत तीन सदस्यीय भारतीय दल को 400 किमी की निचली पृथ्वी कक्षा में तीन दिन के लिए भेजने और सुरक्षित वापस लाने की योजना है। ड्रोग पैराशूट अंतरिक्ष कैप्सूल की सुरक्षित वापसी में अहम भूमिका निभाता है। यह पहले खुलकर कैप्सूल की गति कम करता है और उसे स्थिर करता है, ताकि मुख्य पैराशूट सुरक्षित तरीके से खुल सके। इस बार परीक्षण में पैराशूट को वास्तविक उड़ान में आने वाले अधिकतम भार से भी अधिक दबाव में परखा गया।

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
# विश्व परिवार

प्रादेशिकी

रायपुर, शुक्रवार 20 फरवरी 2026



## बस्तर का समग्र विकास और जनता की समस्याओं का त्वरित निदान हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता : सांसद महेश कश्यप

### नगरनार जन चौपाल में सांसद महेश कश्यप ने गिनाईं उपलब्धियां, कहा- 'मोदी की गारंटी' से संवर रहा है छत्तीसगढ़ और बस्तर

### विकसित भारत के संकल्प को सिद्ध कर रही भाजपा सरकार, आत्मनिर्भरता और सुशासन की नई मिसाल है वी बी जी राम जी योजना : महेश कश्यप



**जगदलपुर (विश्व परिवार)।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा संचालित 'जन चौपाल' अभियान के तहत आज नगरनार के नकटी सेमरा और धुरगुड़ा शक्ति केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में बस्तर सांसद महेश कश्यप मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। पारंपरिक बस्तरिया वाद्ययंत्रों की मधुर गूंज के साथ सांसद का आत्मीय स्वागत किया गया।

चौपाल को संबोधित करते हुए सांसद ने स्पष्ट किया कि केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार का एकमात्र लक्ष्य अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश 2047 तक 'विकसित भारत' बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है और 'वीबी जी राम जी योजना' जैसी योजना रोजगार की पक्की गारंटी है। बस्तर सांसद महेश कश्यप ने प्रधानमंत्री आवास योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश में स्वीकृत 18 लाख मकान केवल ईंट-सीमेंट के ढांचे नहीं, बल्कि गरीबों के सम्मान का प्रतीक हैं। आज हर पंचायत में औसतन 300 मकानों का निर्माण हो रहा है, जिससे न केवल बेघरों को आश्रय मिला है, बल्कि स्थानीय स्तर पर राजमिस्त्री और मजदूरों के लिए रोजगार के व्यापक अवसर पैदा हुए हैं। 10 लाख से अधिक परिवारों का गृह प्रवेश इस बात को प्रमाणित करता है कि 'मोदी की गारंटी' धरातल पर पूरी मजबूती से लागू हो रही है। इसी क्रम में सांसद ने 'जी राम जी (त्र क्रूत्न) योजना 2025' को ग्रामीण विकास की दिशा में एक क्रांतिकारी बदलाव बताया। यह योजना मनरेगा के पुराने ढांचे को आधुनिक बनाते हुए अब ग्रामीणों को साल में 100 के बजाय 125 दिन के काम की पक्की गारंटी देती है। इस योजना की सबसे व्यावहारिक विशेषता खेती के व्यस्त समय (बुवाई और कटाई) के दौरान रखा गया 60 दिनों का 'नो-वर्क पीरियड' है, जिससे किसानों को समय पर मजदूर मिल सकेंगे और मजदूरों की वार्षिक आय में भी इजाफा होगा।

सांसद ने भुगतान प्रक्रिया में सुधार के बारे में बताया कि मजदूरों को अपनी कमाई के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। नई व्यवस्था के तहत 7 से 15 दिनों के भीतर भुगतान सुनिश्चित किया गया है, और देरी होने पर मजदूर मुआवजे के हकदार होंगेद्य 1,51,282 करोड़ रुपये के विशाल बजट वाली यह योजना केवल अस्थाई कार्यों तक सीमित न रहकर गाँवों में गोदाम, सड़कें और जल संरक्षण जैसी टिकाऊ संपत्तियों का निर्माण करेगी। श्री कश्यप ने कहा, यह 'विकसित भारत रोजगार और आजीविका मिशन' का एक हिस्सा है, जो ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने और उनके कौशल को निखारने का एक बड़ा संकल्प है। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री मनोज पटेल ने किया एवं अंत में आभार प्रदर्शन उप सरपंच गणेश नागवंशी द्वारा किया गया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर जगदलपुर जनपद अध्यक्ष पदलाम नाग,उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम कश्यप,जिला पंचायत सदस्य बिंदु साहू,जनपद सदस्य श्रीति शर्मा,प्रदेश पिछड़ा वर्ग कार्यसमिति सदस्य हरि साहू,भाजपा जिला मंत्री सुब्रतो विश्वाश,मंडल अध्यक्ष महेंद्र सेठिया,उपाध्यक्ष सीमांचल दास,मंडल महामंत्री मनोज पटेल,द्वितीय महामंत्री राजेश शर्मा,नकटी सेमरा सरपंच पद्मिनी कश्यप,आड़ावाल सरपंच जयंती कश्यप,उप सरपंच गणेश नागवंशी,धुरगुड़ा सरपंच जयमनी कश्यप,तपन राय,रूपेश समरथ,संजय गुप्ता,रूपेश ठाकुर,सुकमन ठाकुर,विकास सिकदार,संगीता महाराणा सहित क्षेत्र के प्रमुख जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ भाजपा नेता,बड़ी संख्या में ग्रामीण व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बस्तर में अवैध उत्खनन पर खनिज विभाग ने की कार्रवाई

### पोकलेन समेत 16 वाहन जब्त कर दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की



**जगदलपुर (विश्व परिवार)।** बस्तर जिले में अवैध उत्खनन और खनिजों के अवैध परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए अभियान चलाया। कलेक्टर श्री आकाश छिकारा के निर्देशानुसार खनिज विभाग के जांच दल ने हाल ही में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सघन औचक निरीक्षण अभियान चलाया, जिसके परिणामस्वरूप बड़े पैमाने पर अवैध परिवहनकर्ताओं के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की गई है। इस अभियान का नेतृत्व खनिज अधिकारी श्री शिखर चेरपा ने किया, जिसमें खनिज जांच दल ने पिछले 9 दिनों के भीतर 10 फरवरी से 18 फरवरी तक निरंतर छापेमारी कर अवैध गतिविधियों में संलिप्त 16 वाहनों को जब्त किया है।

?खनिज विभाग द्वारा दी गई गई जानकारी के अनुसार इस कार्रवाई के दौरान रेत, चूना पत्थर और मिट्टी से निर्मित ईंट का अवैध रूप से परिवहन कर रहे ट्रैक्टर, हाइवा और टिप्परों को रंगे हाथों पकड़ा गया। जब्त किए गए वाहनों में प्रमुख रूप से ग्राम कंगोली, परपा, बालेंगा, लालबाग और पल्लीनाका जैसे क्षेत्रों से गुजर रहे वाहन शामिल हैं। विशेष रूप से मूतनपाल क्षेत्र में रेत का अवैध उत्खनन करते हुए एक चेन माउंटेड पोकलेन मशीन को भी जब्त कर पुलिस अभिरक्षा में सौंपा गया है।

अवैध उत्खनन और परिवहन के सभी 16 प्रकरणों में छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियमावली 2015 के नियम 71 और खान एवं खनिज (विकास तथा विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 के तहत कठोर दंडात्मक कार्रवाई की। खनिज अधिकारी ने पूर्व में भी विज्ञप्ति के माध्यम से जिले के सभी खनिज ठेकेदारों और परिवहनकर्ताओं को निर्देशित किया था कि बिना वैध अभिवहन पास (रॉयल्टी पर्ची) के खनिजों का परिवहन करना एक दंडनीय अपराध है। जांच टीम में सहायक खनिज अधिकारी श्री जागृत गायकवाड़, खनिज सिपाही श्री डिकेश्वर खरे सहित नगर सैनिकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## रामकृष्णा केयर हॉस्पिटल्स, रायपुर मध्य भारत में 500 रोबोटिक-असिस्टेड सर्जरी करने वाला पहला हॉस्पिटल बना

**रायपुरः** रामकृष्णा केयर हॉस्पिटल्स, रायपुर ने 39 महीनों में आधुनिक दा विंची टेक्नोलॉजी की मदद से 500 से अधिक रोबोटिक असिस्टेड सर्जरी पूरी कर ली हैं। रामकृष्णा केयर हॉस्पिटल्स यह उपलब्धि हासिल करने वाला मध्य भारत का पहला हॉस्पिटल है। हॉस्पिटल में जनरल सर्जरी, गायनेकोलॉजी एवं यूरोलॉजी, जटिल एब्डॉमिनल वॉल हर्निया, गंभीर एंडोमेट्रियोसिस, चुनौतीपूर्ण कोलोरेक्टल सर्जरी, मायोमेक्टोमी, हिस्टेरेक्टोमी और एडवांस्ड रिकंस्ट्रक्शन के लिए इस टेक्नोलॉजी का उपयोग किया जाता है। डॉ. संदीप दवे, मेडिकल एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, रामकृष्णा केयर हॉस्पिटल्स, रायपुर ने कहा, "500 रोबोटिक सर्जरी पूरी करना हमारे संस्थान की एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। इससे हमारा सालों का अनुशासन, निरंतर लर्निंग और छत्तीसगढ़ में विश्वस्तर की सर्जिकल केयर उपलब्ध कराने की हमारी प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है। रोबोटिक असिस्टेड सर्जरी में मरीज को छोटे चीरे लगते हैं, जिससे उन्हें दर्द कम होता है और खून भी कम निकलता है। इसलिए वो तेजी से स्वस्थ होते हैं और हॉस्पिटल में भी कम समय रुकना पड़ता है।" उन्होंने बताया, "दा विंची प्लेटफॉर्म के सबसे बड़े फायदों में से एक है कि इसने हर उम्र के मरीज की सर्जरी करना आसान बना दिया है, जिससे हमारा आत्मविश्वास बढ़ा है। हमने एक 5 साल के बच्चे की एड्रेनैलेक्टोमी (दोनों एड्रिनल ग्लांड्स को सर्जरी द्वारा निकालना) से लेकर एक 84 साल के मरीज की मेशप्लास्टी (हर्निया रिपेयर की सर्जिकल प्रक्रिया) जैसी सर्जरी सफलतापूर्वक पूरी की हैं।

## उतार-चढ़ाव भरे बाजार में रायपुर के निवेशकों का मिड-कैप शेयरों पर बढ़ा भरोसा

**रायपुर।** एक तरफ शेयर बाजार में तेज़ी की उम्मीद है तो दूसरी तरफ सावधानी बरतने की ज़रूरत। ऐसे में आम निवेशक अपने पोर्टफोलियो में बदलाव कर रहे हैं ताकि उन्हें भविष्य में अच्छा मुनाफा मिल सके। बाज़ार के मौजूदा दौर में मिड-कैप म्यूचुअल फंड्स एक बार फिर निवेशकों की पहली पसंद बनते जा रहे हैं। इस बदलते नज़रिए के पीछे वैश्विक और घरेलू, दोनों कारण हैं। वैश्विक स्तर पर देखें तो, अमेरिका और यूरोप जैसे बड़े आर्थिक देशों के बीचरिक रिश्तों से बिज़नेस के माहौल को मज़बूती मिलने की उम्मीद है। इन बदलावों से उन कंपनियों के लिए एक बेहतर माहौल बनेगा जिनका काम विदेशों में निर्यात और मैन्युफैक्चरिंग से जुड़ा है। घरेलू स्तर पर, हालिया बजट में इन्फ्रास्ट्रक्चर, मैन्युफैक्चरिंग और सरकारी खर्च पर जो ज़ोर दिया गया है, उसका बड़ा असर पूरी अर्थव्यवस्था पर पड़ने की उम्मीद है। जैसे-जैसे सरकारी खर्च से प्राइवेट सेक्टर में हलचल बढ़ेगी, सामान और सेवाओं की मांग भी सिर्फ बड़ी कंपनियों तक सीमित नहीं रहेगी। इसका सीधा फायदा उन मिड-साइज़्ड कंपनियों को मिल सकता है जो देश की आर्थिक प्रगति से जुड़ी हुई हैं। इसी का नतीजा है कि पूरे 2025 के दौरान मिड-कैप कैटेगरी में निवेशकों ने जमकर निवेश किया। AMFI के ताज़ा आंकड़ों के मुताबिक, मिड-कैप फंड्स में आने वाले निवेश ने म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री के पुराने सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं।

## चित्रकोट में बस्तर की कला के साथ अब स्वच्छता की गूँज

### बच्चों ने रैली निकाल दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**जगदलपुर (विश्व परिवार)।** बस्तर की कला, संस्कृति और प्राकृतिक सौंदर्य के विश्व प्रसिद्ध केंद्र चित्रकोट महोत्सव में आज आस्था और उल्लास के साथ-साथ स्वच्छता की एक नई इबारत लिखी गई। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तत्वावधान में आयोजित विशेष स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम ने महोत्सव की चमक को दोगुना कर दिया। दिन की शुरुआत एक ऊर्जावान जागरूकता रैली के साथ हुई, जिसमें स्कूली बच्चों और स्थानीय ग्रामीणों ने कदम से कदम मिलाकर पूरे क्षेत्र को प्लास्टिक मुक्त बस्तर के नारों से गुंजायमान कर दिया। हाथों में तख्तियां लिए इन बच्चों ने न केवल पर्यटकों का ध्यान अपनी ओर खींचा, बल्कि हर नागरिक को पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी का अहसास भी कराया।



?महोत्सव में आकर्षण का मुख्य केंद्र प्लास्टिक लाओक्ष्थैला पाओ अभियान रहा, जिसने स्वच्छता को एक प्रोत्साहन का रूप दे दिया। मेले में आए नागरिकों ने सिंगल यूज़ प्लास्टिक एकत्र कर जमा किया और उसके बदले गर्व के साथ कपड़े व जूट के थैले प्राप्त किए। थैला वितरण के इस कार्यक्रम ने आमजन को यह संदेश दिया कि प्लास्टिक का विकल्प न केवल सुलभ है, बल्कि पर्यावरण के अनुकूल भी है। इसी कड़ी में सार्वजनिक और प्रमुख पर्यटन स्थलों पर लगाए गए स्वच्छता बोर्डों के माध्यम से प्रचार-प्रसार को गति दी गई, ताकि दूर-दराज से आए सैलानी बस्तर की पावन धरा को साफ-सुथरा रखने में अपना योगदान दे सकें। कार्यक्रम के दौरान वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देते हुए शुभंकर के माध्यम से कचरा पृथक्करण की बारीकियाँ साझा की गईं। ग्रामीणों को बड़े ही सरल ढंग से समझाया गया कि कैसे रसोई के गीले कचरे और प्लास्टिक-कागज जैसे सूखे कचरे को अलग-अलग रखकर हम कचरे का सही प्रबंधन कर सकते हैं। गीले कचरे से खाद बनाने और सूखे कचरे के पुनर्चक्रण की इस जानकारी ने उपस्थित सभी लोगों को कचरा प्रबंधन के प्रति जागरूक बनाया।

## यूजर चार्ज के नाम पर असंवैधानिक वसूली बंद करें महापौर, बिना शासन के निर्देश बिना किसी सामान्य सभा स्वीकृति के राशि वसूलना अनैतिक कृत्य,होगा पुरजोर विरोध- राजेश चौधरी

### अस्थाई व फुटपाथ व्यापारियों से यूजर चार्ज लेने हेतु शासन निर्देश हैं तो विधिवत महापौर परिषद और सामान्य सभा में विषय लेकर आए महापौर : राजेश चौधरी

**जगदलपुर (विश्व परिवार)।** नगर पालिक निगम जगदलपुर के नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि जिस भारतीय जनता पार्टी के नेता एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष जगदलपुर विधायक किरण देव महापौर संजय पांडे कांग्रेस पार्टी को धर्म विरोधी मंदिर विरोधी बोल बोल कर जनता से वोट लेकर सत्ता हासिल करने वाले ढोंगियों की सरकार में आज महाशिवरात्रि के दिन शिवालयों के सामने इतने वर्षों से सफाई के बाद चुना डाला जाता था ट्रिपल इंजन की सरकार में आज शिवालयों के सामने सफाई के बाद चुना डालने की हैसियत नहीं बची है जबकि प्रतिवर्ष महाशिवरात्रि के दिन शिवालयों के सामने सफाई के बाद चुना डाला जाता था दीपोत्सव के लिए चंदा लेने वाली निगम सरकार शिवरात्रि के पहले कम से कम शिवालयों के सामने ऐसी व्यवस्था देने के लिए भी चंदा मांग लेते। क्योंकि सरकार के पास धार्मिक कार्यों के लिए अब पैसा नहीं बचा है और धर्म के ठेकेदारों को भी भाजपा के नकारा सरकार की कमियां नहीं दिखती है एक तरफमहापौर खुद को धर्म का हितैषी बताते हैं और दूसरी ओर धार्मिक कार्यों के लिए सरकारी सहयोग से पल्ला झाड़ते हुए आम नागरिकों और संस्थाओं से चंदा मांगने का काम करते हैं।



नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी ने आगे बताया जिन फुटपाथ के फुटकर व्यापारियों से सरकार द्वारा अस्थाई दखल चार्ज लेना बंद कर दी थी आज उन्हीं फुटपाथ के फुटकर व्यापारियों से यूज़र चार्ज के नाम पर अनाप-शनाप वसूली की जा रही है जिस संबंध में किसी प्रकार का कोई सकारात्मक जवाब ना महापौर परिषद ना निगम प्रशासन के द्वारा दिया जा रहा है जबकि नियम है कि कोई भी कर लागू करने से पूर्व राज्य सरकार के निर्देशानुसार महापौर परिषद और सामान्य सभा से पारित करके किया जाता है जो यूज़र चार्ज वार्षिक लिया जाता था अब सनातनी महापौर बनने के बाद निगम प्रशासन के द्वारा मासिक वसूली की जाने की बात वसूली करने वाले कर्मचारी द्वारा बताई जा रही है और महापौर जी को यह वसूली जायज लगती है क्योंकि वह स्वयं महापौर बनने के बाद लगातार शहर की जनता को आर्थिक चोट देते आ रहे हैं जैसे 300 का पानी टैंकर 500 हो गया 500 वाला पानी टैंकर 1000 हो गया सामाजिक और धार्मिक अनुष्ठानों में निशुल्क दिए जाने वाला टैंकर का 500 लगेगा यदि स्टोरेज करेंगे तो 300 लगेगा। तरण ताल में बच्चों का टिकट चार्ज50 और बड़ों का 100 निर्धारित था आज उसे बढ़ाकर बच्चों का 100 और बड़ों का 200 किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास का लाभ लेने वाले बीपीएल परिवारों को संपत्ति कर के दायरे में नहीं लिया जाना है परंतु महापौर जी के निर्देशानुसार उन गरीब परिवारों को जिन्हें प्रधानमंत्री आवास का लाभ मिला है आज उन्हें संपत्ति कर दाता बना दिया गया है और अब उनसे जल कर भी 60/क्क प्रतिमाह के जगह 200/क्क प्रतिमाह लेंगे। यदि प्रधानमंत्री आवास का लाभ लेने वाले परिवार 300 वर्ग फुट से अधिक में निर्माण कार्य करते हैं तो अधिक निर्माण क्षेत्र का माप लेकर उनसे संपत्ति कर लिया जाना चाहिए परंतु इस दिशा में बिना किसी निर्देश बिना किसी मापदंड के सभी गरीब प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों से संपत्ति कर लिया जाना न्याय संगत नहीं है महापौर जी और राजस्व सभापति कहते हैं की दर नहीं बड़े हैं रीएसेसमेंट के कारण से कर बढ़ गया है तो महापौर जी को जनता को यह भी बता देना चाहिए की किन परिवारों का रिएसेसमेंट पहले गलत लिया गया था और अभी सही लिया गया है और पहले उन्हें कौन सा दर लगा था और अभी कौन सा दर लगा है क्योंकि कई मकानों में तीन-तीन गुना टैक्स लगा दिया गया है जबकि उन हितग्राहियों के द्वारा कोई नया निर्माण नहीं किया गया है विधायक जी महापौर जी भूल गए हैं की यही जनता उनके लिए कुछ लाभदायक कार्य होगा सोच कर अपना वोट देकर इन्हें पदासीन किया है,उन्हें क्या मालूम था कि उनके पद में बैठने के बाद सबसे पहले आर्थिक चोट उन्हें ही मिलेगी,जिन्होंने अपना वोट देकर इन्हें सत्ता में बिठाया है। हमने आयुक्त नगर निगम जगदलपुर महापौर नगर निगम जगदलपुर और कलेक्टर महोदय को पत्र लिखकर इन सारे मांगों पर तत्काल जांच कर नियमतः संपत्ति कर एवं यूजर चार्ज लेने का आग्रह किया है यदि जल्द से जल्द कार्यवाही नहीं होती है तो नगर वासियों और उन गरीब प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों तथा फुटकर व्यापारियों को साथ लेकर कांग्रेस पार्षद दल एवं कांग्रेस पार्टी महापौर जी का एवं निगम कार्यालय का घेराव करने के लिए बाध्य होंगे। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी महापौर जी एवं निगम प्रशासन की होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### आमागुड़ा में गांजा बेचते युवक गिरफ्तार, करीब 3 किलो माल बरामद




**जगदलपुर (विश्व परिवार)।** बस्तर पुलिस ने नशे के कारोबार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए आमागुड़ा क्षेत्र से एक युवक को अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 2 किलो 916 ग्राम गांजा बरामद किया है, जिसकी अनुमानित कीमत 1 लाख 45 हजार 700 रुपए बताई गई है। पुलिस के अनुसार, आरोपी अखिल पौराणिक (39) निवासी आमागुड़ा को हनी डेली नीड्स के पास ग्राहक का इंतजार करते हुए पकड़ा गया। वह प्लास्टिक बोरी में गांजा रखकर बिक्री की तैयारी में था। मामले में शलभ कुमार सिन्हा, पुलिस अधीक्षक बस्तर जिला के निर्देशन में कार्रवाई की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक माहेश्वर नाग और नगर पुलिस अधीक्षक अमित देवांगन के पर्यवेक्षण में कोतवाली पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और संदेह के आधार पर आरोपी को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान बोरी से अवैध मादक पदार्थ बरामद हुआ। वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर आरोपी को एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(बी) के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। कार्रवाई में निरीक्षक शिवानंद सिंह, उपनिरीक्षक अरुण मरकाम, सहायक उपनिरीक्षक प्रमोद सिन्हा सहित कोतवाली पुलिस और बस्तर फाइटर टीम के जवानों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### ''एआई मोमेंटम को सेमीकंडक्टर मोमेंटम से अलग नहीं किया जा सकता। भारत फुल इनोवेशन स्टैक निर्मित कर रहा है : अशोक चांडक

इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026, एआई, सेमीकंडक्टर रणनीति और विश्वसनीय वैश्विक टेक्नोलॉजी साझेदारियों के मेल में एक महत्ववपूर्ण पल है। 20 से ज्यादा राज्य प्रमुखों, 60 मंत्रियों, 500 ग्लोबल एआई लीडरों और 3,00,000 से ज्यादा आगंतुकों के साथ, यह समिट भारत को वैश्विक एआई रूपांतर के केन्द्र में मज़बूती से रखता है - खासकर ग्लोबल साउथ में। भारत की एआई गवर्नेंस गाइडलाइंस जारी करना, इंडिया एआई फैलोशिप को 13,500 स्कॉलर्स तक बढ़ाना, और इंडिया एआई सेफ्टी इंस्टीट्यूट को मज़बूत करना एक व्यापक दृष्टिकोण दर्शाता है - नीति, प्रतिभा और मानक एक साथ आगे बढ़ रहे हैं। इंफ्रास्ट्रक्चर के मामले में, 38,000 जीपीयू पहले से ही कार्यरत हैं और आगामी महीनों में 50,000 से ज्यादा जीपीयू स्थापित किए जाएंगे, भारत तेज़ी से सार्वभौम कम्प्यूट क्षमता बढ़ा रहा है। एआई निवेश में 200 अरब डॉलर से ज्यादा के सपोर्टेड फंड और अनुमान के साथ- मुख्य रूप से बुनियादी ढांचे और आरडीआई स्कीम, आईएसएम 2.0 और इलेक्ट्रॉनिक्स हार्डवेयर नीतियों में - भारत दुनिया के सबसे तेज़ी से बढ़ते एआई ईकोसिस्टम में से एक का निर्माण कर रहा है। लेकिन इतिहास ने बार-बार यह दिखाया है कि जो देश परिवर्तनकारी प्रौद्योगिकियों को आकार देते हैं, वे शायद ही कभी उन जैसे होते हैं जो उनके आस-पास के नैतिक और गवर्नेंस के नियमों को परिभाषित करते हैं।

### सैमसंग इंडिया ने अपने अगले एआई स्मार्टफोन को 'प्री-रिजर्व' करने वाले ग्राहकों के लिए विशेष लाभों की घोषणा की

**गुरुग्राम।** भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, सैमसंग ने आज अपने आगामी एआई स्मार्टफोन को प्री-रिजर्व करने वाले ग्राहकों के लिए विशेष लाभों की घोषणा की। प्री-रिजर्व करने वाले ग्राहकों को 256GB से 512GB तक का मेमोरी अपग्रेड मुफ्त (कॉम्प्लिमेंट्री) दिया जाएगा। सैमसंग का अगला एआई फोन 25 फरवरी को सैन फ्रांसिस्को,कैलिफोर्निया में आयोजित होने वाले 'गैलेक्सी अनपैक्ड' इवेंट में पेश किया जाएगा। ग्राहक 25 फरवरी तक 999 रुपये की रिफंडेबल टोकन राशि जमा करके नए गैलेक्सी एस सीरीज डिवाइस को प्री-रिजर्व कर सकते हैं। प्री-रिजर्वेशन की सुविधा Samsung.com, सैमसंग एक्सक्लूसिव स्टोर्स, Amazon.in, Flipkart.com और देशभर के प्रमुख रिटेल आउटलेट्स पर उपलब्ध है। स्टोरेज अपग्रेड के अलावा, प्री-रिजर्व करने वाले ग्राहकों को नया गैलेक्सी एस सीरीज डिवाइस खरीदने पर 2,699 रुपये मूल्य के अतिरिक्त लाभ भी मिलेंगे। नई गैलेक्सी एस सीरीज को रोजमर्रा के कामकाज को आसान बनाने, आत्मविश्वास बढ़ाने और डिवाइस हाथ में लेते ही 'गैलेक्सी एआई'को सहजता से अनुभव करने के लिए तैयार किया गया है।

दैनिक विश्व परिवार

विचार-पक्ष

रायपुर, शुक्रवार 20 फरवरी 2026

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com




# संपादकीय

## मोदी सरकार विफल

ट्रंप अधिकतम वसूली करने और भारत की भू-राजनीतिक प्राथमिकताओं को अपने अनुरूप ढालने की कोशिश की है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि इन मोर्चों पर भारत के संप्रभु अधिकारों एवं भारतीय हितों की रक्षा करने में नरेंद्र मोदी सरकार विफल रही है। भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर जारी साझा बयान इस संबंध में सोशल मीडिया पोस्ट पर डॉनल्ड ट्रंप की पूर्व घोषणा के अनुरूप है। इसमें शामिल शर्तों के मद्देजनर यह भी कहा जा सकता है कि पूरा समझौता ट्रंप की शर्तों पर है। ह्वाइट हाउस से जारी साझा बयान के जब पहले ही पैराग्राफ में कहा गया है कि अमेरिका के सभी औद्योगिक उत्पादों और बड़े पैमाने पर खाद्य एवं कृषि पैदावार पर से भारत टैरिफ घटाएगा, तो फिर केंद्र के इस दावे में ज्यादा दम नहीं बचता कि उसने कृषि क्षेत्र के हितों की पूरी रक्षा की है। अमेरिकी बयान में सूखा आसवक चोकर, चारे के लिए लाल ज्वार, ट्री नट्स (बादाम, काजू, अखरोट, पिस्ता आदि), ताजा और प्रसंस्कृत फल, सोयाबीन तेल, शराब, स्पीरिट आदि का नाम लेकर जिक्र है, जिन पर टैरिफ खत्म किए जाएंगे। उधर पांच साल में 500 बिलियन डॉलर की अमेरिकी सामग्रियों की खरीदारी की बात भी डील का हिस्सा है। फिलहाल, भारत 85 बिलियन डॉलर का निर्यात और 45 डॉलर का आयात करता है। इस तरह उसे अमेरिका से तकरीबन 40 बिलियन डॉलर का व्यापार लाभ है। अब भारत ने औसतन प्रति वर्ष 15 बिलियन डॉलर के व्यापार घाटे में जाने का करार किया है। उसका दबाव पहले से ही डगमगाए रुपये के भाव पर पड़ेगा। उधर भारत में टैरिफ हटने का भारत के राजकोष पर दबाव महसूस किया जाएगा। ऊपर से ह्वाइट हाउस ने एक अलग विज्ञप्ति जारी कर इसकी पुष्टि की है कि भारत ने रूस से कच्चा तेल खरीदना बंद करने का वादा अमेरिका से किया है। बदले में अमेरिका भारतीय उत्पादों पर लगे 50 प्रतिशत को घटा कर 18 फीसदी पर लाएगा। लेकिन यह साफ है कि समझौता दोनों तरफ लगने वाले टैरिफ तक सीमित नहीं है। बल्कि अपने परिचित अंदाज के मुताबिक ट्रंप प्रशासन ने इसके जरिए भारत से अधिकतम वसूली करने और भारत की भू-राजनीतिक प्राथमिकताओं को अपने अनुरूप ढालने की कोशिश की है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि इन मोर्चों पर भारत के संप्रभु अधिकारों एवं भारतीय हितों की रक्षा करने में नरेंद्र मोदी सरकार विफल रही है।

# भारत देश में एआई के क्षेत्र में नई संभावनाएं....

डा. जयंतीलाल भंडारी




यह भी जरूरी है कि देश के कोने-कोने में विशेषतया ग्रामीण और पिछड़े हुए क्षेत्रों में एआई से रोजगार के मद्देनजर एआई स्किल्स से जुड़ी प्रोग्रामिक भाषाओं से बड़ी संख्या में युवाओं को कुशल बनाने के प्रयास करने होंगे इन दिनों देश ही नहीं, दुनिया की निगाहें दिल्ली में 16 से 20 फरवरी तक ग्लोबल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) इम्पैक्ट समिट-2026 की ओर लगी हुई है। इस समिट में दुनिया के 20 शक्तिशाली देशों के राष्ट्राध्यक्ष सहित 100 से अधिक देशों के प्रतिनिधिमंडल, बड़ी-बड़ी कंपनियों के सीईओ समेत करीब 35 हजार से अधिक एआई एक्सपर्ट शामिल होंगे। इस समिट की अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे और समिट में 700 से अधिक सत्र होंगे। समिट को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया है कि सभी के साथ मिलकर हम एआई के मद्देनजर बेहतर विश्व बनाने के लिए निरंतर प्रयास करते रहेंगे। गौरतलब है कि इन दिनों एआई पर प्रकाशित हो रही वैश्विक रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि अब भारत एआई के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ेगा। वस्तुतः भारत में हेल्थकेयर, शिक्षा, गवर्नेंस और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर्स में एआई का इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे में एआई टेक्नोलॉजी को सिर्फ प्राइवेट सेक्टर का टूल नहीं, बल्कि देश को आगे बढ़ाने वाला महत्वपूर्ण टेक्नोलॉजी का महत्वपूर्ण हिस्सा माना जा रहा है। पिछले दिनों प्रकाशित स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के ग्लोबल आर्टिफिशियल एआई वाइब्रेंसी इंडेक्स में भारत को तीसरी रैंकिंग दी गई है। इस रैंकिंग में पहले स्थान पर अमेरिका और दूसरे स्थान पर चीन है। 2023 में भारत सातवें स्थान पर था। इसमें कोई दो मत नहीं है कि भारत जैसे-जैसे रणनीतिक रूप से एआई के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है, वैसे-वैसे भारत की नई पीढ़ी एआई कामों में लगातार अपना योगदान बढ़ा रही है। पिछले दिनों ओपन एआई के सीईओ सैम आल्ट मैन ने कहा कि अब ऊंचे वेतन वाली नई नौकरियां सिर्फ एआई पेशेवरों को मिलते हुए दिखाई देंगी। उनके मुताबिक एआई के लिए दुनिया में भारत दूसरा सबसे बड़ा बाजार है। गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई के मुताबिक भारत एआई के क्षेत्र में दुनिया का नेतृत्व कर सकता है। माइक्रोसाफ्ट के सीईओ सत्या नडेला के मुताबिक भारत की गणित में दक्ष नई पीढ़ी के लिए एआई के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। यह बात महत्वपूर्ण है कि हाल ही में विश्व प्रसिद्ध अमेरिका की दिग्गज टेक्नोलॉजी कंपनी एमेजोन ने 2030 तक भारत में एआई को लेकर 35 अरब डॉलर के नए निवेश करने का ऐलान किया है। इसके पहले माइक्रोसॉफ्ट ने भारत में 17.5 अरब डॉलर के निवेश का ऐलान किया था। यह कंपनी द्वारा पूरे एशिया में अभी तक का सबसे बड़ा निवेश होगा। इनके अलावा गूगल और टीपीजी ने भी भारत में 16 अरब डॉलर निवेश की प्रतिबद्धता जताई है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि अमेरिका की वैश्विक वैकल्पिक परिसंपत्ति प्रबंधक कंपनी ब्रुकफील्ड ऐसेट मैनेजमेंट ने मुंबई के पवई में एशिया का सबसे बड़ा ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) बनाने पर एक अरब डॉलर का निवेश किए जाने का ऐलान किया है। देश के वर्ष 2026-27 के केंद्रीय बजट में एआई को अत्यधिक महत्व दिया गया है। साथ ही विदेशी डेटा कंपनियों के जो जीसीसी भारत में आएंगे, उन्हें 2047 तक कोई टैक्स नहीं देना होगा। एआई को लेकर नई निवेश प्रतिबद्धताओं पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि जब एआई की बात आती है तब दुनिया भारत को लेकर आशावादी है। भारत के युवा ऐसे एआई निवेश का फायदा उठाकर नवाचार करेंगे और एआई की शक्ति का उपयोग आर्थिक और सामाजिक विकास में करेंगे। यदि हम इस समय भारत में एआई पारिस्थितिकी तंत्र को देखें तो पाते हैं कि यह तेजी से विस्तार कर रहा है। फॉर्च्यून बिजनेस इनसाइट्स के मुताबिक भारत में एआई का बाजार तेजी से बढ़ रहा है। जहां वर्ष 2025 में भारत का एआई बाजार 13.05 अरब डॉलर मूल्य की ऊंचाई पर रहा है, वहीं यह बाजार आकार 2032 में 130.63 अरब डॉलर मूल्य का अनुमानित है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि भारत में प्रौद्योगिकी और एआई पारिस्थितिकी तंत्र में 60 लाख से अधिक लोग कार्यरत हैं। देश में 1800 से अधिक वैश्विक क्षमता केंद्र हैं, जिनमें 500 से अधिक एआई पर केंद्रित हैं। भारत में लगभग 1.8 लाख स्टार्टअप हैं, और पिछले वर्ष शुरू किए गए नए स्टार्टअप में से लगभग 89 फीसदी ने अपने उत्पादों या सेवाओं में एआई का उपयोग किया है। यह बात महत्वपूर्ण है कि दुनिया का 16 फीसदी एआई टैलेंट भारत के पास है और भारत अमेरिका के बाद दूसरे स्थान पर है। भारत में अभी 6 लाख से अधिक एआई प्रोफेशनल्स हैं। इनकी संख्या वर्ष 2027 तक तेजी से बढ़कर 12.5 लाख पर पहुंच जाने की उम्मीद है। इस समय गूगल की एआई अवसर एजेंडा नामक जिस रिपोर्ट को करोड़ों लोगों के द्वारा पढ़ा जा रहा है, उसमें कहा गया है कि भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था, तकनीकी प्रतिभा और जीवंत स्टार्टअप इकोसिस्टम के चलते भारत एआई से लाभान्वित होने की बेहतर स्थिति में है। भारत में एआई प्रौद्योगिकी को अपनाए जाने से उत्पादकता में धीरे-धीरे वृद्धि हो रही है। अब उद्योग, कृषि, स्वास्थ्य, सर्विस सेक्टर तथा अन्य क्षेत्रों में एआई के अधिक उपयोग से भारत को 2030 तक 33.8 लाख करोड़ का आर्थिक लाभ हो सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि एआई के प्रति एक व्यापक और जिम्मेदार दृष्टिकोण भारत में महत्वपूर्ण आर्थिक विकास और सामाजिक प्रगति को संभव बना सकता है। इसी परिप्रेक्ष्य में उल्लेखनीय है कि भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने राष्ट्रीय श्रम शक्ति नीति 2025 के मसौदे के तहत स्वीकार किया है कि भारत का श्रम बाजार ढांचागत बदलाव से गुजर रहा है और अब एआई और नए कौशल विकास पर जोर देना जरूरी है। नीति आयोग की रिपोर्ट रोडमैप फॉर जॉब क्रिएशन इन द एआई इकोनॉमी 2025 के मुताबिक एआई के बढ़ते प्रभाव से जहां 2031 तक बड़ी संख्या में पारंपारिक नौकरियां खत्म हो सकती हैं, वहीं एआई से जुड़ी करीब 40 लाख नई नौकरियां निर्मित होते हुए दिखाई देंगी। ऐसे में देश की नई पीढ़ी के लिए एआई आधारित नौकरियों के बढ़ते अवसरों के बीच नई पीढ़ी को एआई पेशेवर के रूप में सुसज्जित करने की बड़ी चुनौती भी सामने खड़ी हुई है। स्थिति यह है कि अगर इस परिप्रेक्ष्य में तुरंत कदम नहीं उठाए गए, तो भारत न केवल दूसरे देशों से एआई प्रतिभा के क्षेत्र में पीछे हो जाएगा, बल्कि एआई से होने वाले बहुआयामी विकास में भी पिछड़ जाएगा। ऐसे में हमें देश की नई पीढ़ी को एआई स्किल्स से सुसज्जित करने की नई रणनीति के साथ आगे बढना होगा। यह सराहनीय कदम है कि शिक्षा मंत्रालय ने नई पीढ़ी को प्रारंभिक स्तर से ही भविष्य की तकनीक कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से जोड़े जाने के मद्देनजर आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-27 से देशभर के सभी स्कूलों में तीसरी कक्षा से ही एआई पढ़ाने का फैसला किया है। इसके साथ-साथ माइक्रोसॉफ्ट ने कहा कि हैदराबाद स्थित उसका 'इंडिया साउथ सेंट्रल क्लाउड रीजन' साल 2026 के मध्य में शुरू हो जाएगा, जिसका कुल आकार लगभग दो ईडन गार्डन स्टेडियम के बराबर है। कंपनी ने भारत में एआई स्किल्स से लैस टैलेंट डेवलप करने के अपने लक्ष्य को एक करोड़ से दोगुना करते हुए 2030 तक दो करोड़ लोगों को एआई स्किल्स देने का संकल्प लिया है। ऐसे में यह भी जरूरी है कि देश के कोने-कोने में विशेषतया ग्रामीण और पिछड़े हुए क्षेत्रों में एआई से रोजगार के मद्देनजर एआई स्किल्स से जुड़ी प्रोग्रामिक भाषाओं से बड़ी संख्या में युवाओं को कुशल बनाने के कई गुना प्रयास करने होंगे। उम्मीद करें कि दिल्ली में 16 से 20 फरवरी तक ग्लोबल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) इम्पैक्ट समिट-2026 का आयोजन भारत के लिए विशेष रूप से हितकर होगा।

## आलेख

# धान-परती भूमि में सरसों की खेती से किसानों की अच्छी आय संभव

डॉ. पी.के. राय

छत्तीसगढ़ की परती भूमि अब सोना उगलने लगी है। धान का कटोरा कहे जाने वाले इस राज्य में किसानों का रुझान राई-सरसों की खेती की ओर तेजी से बढ़ रहा है। इससे न केवल किसानों को अतिरिक्त आमदनी मिलना शुरू हुई है, बल्कि देश को खाद्य तेल में आत्मनिर्भर बनाने की राह भी आसान होती नजर आ रही है। बता दें कि यहां के किसान धान कटाई के बाद खेतों को खाली छोड़ देते हैं, यानी रबी फसल की बुवाई नहीं करते हैं। इस कारण उनकी आर्थिक स्थिति ज्यादा अच्छी नहीं है। किसानों के इन हालातों को देखते हुए आईसीएआर-राष्ट्रीय जैविक स्ट्रेस प्रबंधन संस्थान, रायपुर ने ठोस रोडमैप के साथ प्रयास शुरू किए। परिणामस्वरूप परती भूमि पर अब सरसों की फसल लहलहाने लगी है। संस्थान के वैज्ञानिकों का कहना है कि राज्य की भूमि में खजाना छिपा हुआ है। यदि किसान धान कटाई के बाद देर से पकने वाली राई-सरसों किस्मों की बुवाई करें तो उनकी आर्थिक स्थिति में असम के किसानों के समान बदलाव देखने को मिल सकता है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में कुल कृषि क्षेत्र 4.78 मिलियन हेक्टेयर है। इसमें केवल 23 प्रतिशत क्षेत्र सिंचित है। वार्षिक वर्षा लगभग 1190 मिमी है, जिसमें लगभग 88 प्रतिशत वर्षा मानसून (मध्य जून से सितंबर) के दौरान होती है। इस दौरान किसान धान का बड़े पैमाने पर उत्पादन लेते हैं। वहीं रबी में गेहूं और थोड़े क्षेत्रफल में दलहनों की बुवाई करते हैं, लेकिन राई-सरसों का उत्पादन हाशिए पर है। वैज्ञानिकों का कहना है कि परती भूमि, बस्तर के पठारी और उत्तरी पहाड़ी क्षेत्रों में राई-सरसों की खेती की अच्छी संभावनाएं हैं। उन्होंने बताया कि संस्थान का यह शुरुआती प्रयास है, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। उन्होंने बताया कि धान कटाई के बाद कृषि भूमि परती रह जाती है, जिससे प्राकृतिक संसाधनों का पूर्ण उपयोग नहीं हो पाता और किसानों की आय बढ़ाने के अवसर सीमित हो जाते हैं। राई-सरसों की फसल परती भूमि को उत्पादक बनाने में मददगार बन सकती है। छत्तीसगढ़ में लगभग 3.9 मिलियन हेक्टेयर में धान की खेती होती है, जबकि धान उत्पादन लगभग 9.8 मिलियन टन है। खरीफ में अधिक वर्षा और चिकनी मिट्टी के कारण धान का उत्पादन भरपूर होता है, लेकिन रबी में यही खेती सीमित रह जाती है। धान के कुल क्षेत्र का लगभग 32 प्रतिशत भाग ही सिंचित है, जिससे कटाई के बाद पठारी और पहाड़ी क्षेत्रों के लगभग 40ङ्क60 प्रतिशत खेत परती रह जाते हैं। इस स्थिति में राई-सरसों का बुवाई क्षेत्र बढ़ाया जा सकता है। संस्थान के संयुक्त निदेशक डॉ. पंकज शर्मा ने बताया कि यहां की जलवायु रबी तिलहन के लिए अनुकूल है, बशर्ते खरीफ के बाद मृदा में नमी का संरक्षण और उचित कृषि तकनीकों का प्रभावी उपयोग किया जाए। क्योंकि राई-सरसों को कम पानी में उगाया जा सकता है और यह कम समय में पक जाती है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में महज 31 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सरसों की खेती होती है। करीब 17,260 टन उत्पादन और उत्पादकता 563 किग्रा प्रति हेक्टेयर है, जिसे वैज्ञानिक तकनीकों के समावेश से और बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि अनुसंधान परीक्षण के आधार पर धान के परती खेतों में राई-सरसों की अच्छी पैदावार मिलती है। इस फसल की लगभग 20 प्रतिशत अधिक पैदावार प्राप्त हुई है। प्रदर्शन के दौरान सरसों की किस्म डीआरएमआर-150-35 ने उत्साहजनक परिणाम दिए। यह किस्म 95ङ्क110 दिनों में पक जाती है, जिससे धान की कटाई के बाद मध्य नवंबर से दिसंबर के प्रथम सप्ताह तक इसकी बुवाई सहजता से की जा सकती है। इसके अलावा किसान छत्तीसगढ़ सरसों, टीबीएम, एनआरसीएचबी-101 और बीबीएम-1 जैसी किस्मों का उपयोग कर सकते हैं। धान परती क्षेत्रों में राई-सरसों को शामिल करने से किसानों की आय और आजीविका सुरक्षा में उल्लेखनीय सुधार संभव है। वर्षा आधारित धान पारिस्थितिकी तंत्र में किए गए प्रदर्शनों से यह सिद्ध हुआ है कि शून्य जुताई के तहत राई-सरसों से 8ङ्क14 क्विंटल प्रति हेक्टेयर तक उपज प्राप्त की जा सकती है। इससे प्रति हेक्टेयर 27 हजार रुपये से अधिक का शुद्ध लाभ प्राप्त होता है।

# श्रम संहिताएं: एक नई दृष्टि

प्रो बीजू वर्के, डॉ शैलजा त्रिपाठी

चार श्रम संहिताओं की 21 नवंबर, 2025 को आधिकारिक घोषणा के साथ ही एक नए युग की शुरुआत हो गई है। यह घोषणा भारत की श्रम कानून व्यवस्था में एक बड़े ढांचागत सुधार का संकेत है। अनुमानों के अनुरूप ही इसकी सराहना और आलोचना, दोनों ही की गई है। बहुप्रतीक्षित श्रम कानून सुधारों ने कामगारों से संबंधित 29 से ज्यादा कानूनों को चार व्यापक संहिताओं में समेट दिया है। भारतीय श्रम कानूनों में सुधारों की मांग लंबे अरसे से चली आ रही थी। इस संबंध में समय-समय पर सीमित घोषणाएं की गईं और उन्हें टुकड़ों में लागू किया गया। सभी हितधारक इस बात पर सहमत थे कि देश को आगे ले जाने के लिए एक उत्पादक, समावेशी और सशक्त कार्यबल तथा कामकाज का उपयुक्त परिवेश जरूरी है। बदलाव की इच्छा सब में होने के बावजूद हर हितधारक की अपनी अलग-अलग उम्मीदें और चिंताएँ थीं। इन सुधारों का उद्देश्य श्रमिक कल्याण को मजबूती देना और अनुपालन को सरल बनाना है। श्रम नियमन के ढांचे को वर्तमान आर्थिक और सामाजिक वास्तविकताओं के अनुरूप बनाना तथा व्यवसाय सुगमता में वृद्धि के उपायों को मजबूत करना भी इनका उद्देश्य रहा है। इन सुधारों के तहत 29 महत्वपूर्ण कानूनों को वेतन, सामाजिक संरक्षा, व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा तथा औद्योगिक संबंध से जुड़ी चार संहिताओं में समेट दिया गया है। नई व्यवस्था का उद्देश्य श्रमिकों के कामकाज को औपचारिक रूप देना, कानून के दायरे से अब तक बाहर रहे अनौपचारिक, अस्थाई और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए काम करने वाले कामगारों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना, महिला अधिकारों का संवर्द्धन तथा सभी क्षेत्रों में नियोक्ता-श्रमिक संबंधों को आधुनिक बनाना है। नई श्रम संहिताओं की नीचे वर्णित कुछ विशिष्टताएं उन्हें देश की मौजूदा और भविष्य की जरूरतों के अनुरूप बनाती हैं- सुदृढ़ीकरण और सामंजस्य: भारत के श्रम कानून ऐतिहासिक तौर पर विभाजित तथा परिभाषाओं की बहुलता और सख्त अनुपालन व्यवस्थाओं से ग्रसित थे। नियोक्ताओं को एकदूसरे से मिलती-जुलती अनेक नियामक जरूरतों का सामना करना पड़ता था। श्रमिक और खास तौर से असंगठित कामगार आम तौर पर वैधानिक संरक्षण के दायरे से बाहर थे। श्रम संहिताओं ने अनुपालन की पिछली जटिल प्रणाली को समरूप परिभाषाओं, डिजिटल प्रक्रियाओं और विस्तारित दायरे से सरल बनाया है। सम्मानजनक कार्य सिद्धांतों का अनुपालन: सुधारों में अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) के सम्मानजनक कार्य सिद्धांतों को शामिल किया गया है। इन कार्य सिद्धांतों में उच्च गुणवत्ता वाले रोजगारों का सृजन, श्रमिक अधिकारों और समानता का संरक्षण तथा सामाजिक सुरक्षा और संवाद शामिल है। अनुपालन का सरलीकरण: पुरानी प्रणाली में अत्यधिक कागजी कार्रवाई, निरीक्षणों पर अतिनिर्भरता और कमजोर अनुपालन जैसी खामियां थीं। नई संहिताओं में अनुपालन प्रणालियों को सुचारू बनाने के साथ ही उल्लंघनों को रोकने के लिए कठोर दंड की व्यवस्था की गई है। संवहनीय विकास लक्ष्यों के साथ तालमेल: ये संहिताएं श्रमिक अधिकारों को मजबूत कर, सामाजिक सुरक्षा का विस्तार करते हुए तथा समावेशी विकास को बढ़ावा देकर संवहनीय विकास लक्ष्य (एसडीजी) 8 को आगे बढ़ाती हैं। इसके अलावा ये एसडीजी 1,3,5 और 10 को हासिल करने में भी सहायक हैं। कार्य संबंधी भविष्य की जरूरतों के अनुरूप: इन संहिताओं में तेज आर्थिक और प्रौद्योगिकीय बदलावों को ध्यान में रखा गया है। इनमें विस्तारित परिभाषाओं, पुनर्प्रशिक्षण के प्रावधानों, व्यापक सामाजिक सुरक्षा कवरेज और वैकल्पिक कार्य व्यवस्थाओं के औपचारीकरण के जरिए भविष्य की कार्य संबंधी चिंताओं का निराकरण किया गया है। संहिताओं की मुख्य विशेषताएं और उनका प्रभाव: वेतन संहिता, 2019: यह संहिता पिछले चार कानूनों को एकीकृत करती है और मजदूरी की एक समान परिभाषा तथा राष्ट्रीय न्यूनतम मजदूरी की अवधारणा पेश करती है। यह व्यापक और अधिक सुसंगत वेतन सुरक्षा सुनिश्चित करती है, समय पर भुगतान को अनिवार्य बनाती है, और समान पारिश्रमिक के नियम को सुदृढ़ करती है, जिससे आय सुरक्षा मजबूत होती है और विवादों में कमी आती है। औद्योगिक संबंध संहिता, 2020: यह संहिता मजदूर संगठनों, औद्योगिक विवादों और स्थायी आदेशों को नियंत्रित करने वाले कानूनों को एक साथ लाती है। यह विवाद समाधान की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करती है, निश्चित समय-सीमा निर्धारित करती है और हड़ताल, कामबंदी तथा छंटनी से जुड़े नियमों को तर्कसंगत बनाती है। जहाँ यह नियोक्ताओं को परिचालन के लिए लचीलापन प्रदान करती है, वहीं सामूहिक सौदेबाजी और कानूनी समाधान के लिए सुरक्षा उपायों को भी बरकरार रखती है। सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020: यह संहिता संगठित क्षेत्र से आगे जाकर सुरक्षा के दायरे का विस्तार करके एक बड़े बदलाव का संकेत देती है। इसके अंतर्गत गिग कामगारों, प्लेटफॉर्म के जरिये काम करने वाले श्रमिकों को भविष्य निधि, बीमा, मातृत्व लाभ और वृद्धावस्था सुरक्षा से संबंधित वैधानिक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने का प्रावधान किया गया है। व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य स्थिति (ओएसएच) संहिता, 2020: यह ओएसएच संहिता सुरक्षा से संबंधित कई कानूनों को एक एकीकृत ढांचे में समाहित करती है। यह कार्यस्थल सुरक्षा मानदंडों का मानकीकरण करती है, नियामक निरीक्षण को मजबूत करती है और सभी क्षेत्रों में इसे लागू करने में सुधार करती है। आगे की राह क्या है? वी. वी. गिरि राष्ट्रीय श्रम संस्थान द्वारा नए श्रम कानूनों के बारे में नियोक्ताओं और कर्मचारियों के बीच हाल ही में किए गए एक अध्ययन से पता चलता है कि इन संहिताओं ने बेहतर भविष्य के प्रति सकारात्मक उम्मीद जगाई है।

# सत्य को उजागर करने वाले ठाकुर राम सिंह

प्रो. मनोज डोगरा

उन्होंने यह भी दिखाया कि परिवर्तन की शुरुआत हमेशा छोटे प्रयासों से होती है, बशर्ते उनमें निरंतरता और ईमानदारी हो। ठाकुर राम सिंह का जीवन संघर्षों से मुक्त नहीं था। उन्होंने अनेक बाधाओं, संसाधनों की कमी और उपेक्षा का सामना किया ठाकुर राम सिंह का जन्म हमीरपुर जिला में झण्डवीं गांव में एक किसान परिवार में 15 फरवरी 1915 को हुआ था। अपनी प्रारम्भिक शिक्षा झण्डवीं में प्राप्त करने के पश्चात् उच्च शिक्षा हेतु लाहौर गए, जहां वह 1942 में इतिहास विषय में एमए करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सम्पर्क में आए। एमए इतिहास में उन्होंने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा उसी महाविद्यालय में आचार्य पद पर नियुक्ति प्रदान की गई, किन्तु उन्होंने इस पद को अस्वीकार करके अपना सम्पूर्ण जीवन समाज कार्य के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का प्रचारक बनकर समर्पित कर दिया। ठाकुर राम सिंह ने 1942 से 1988 तक संघ के प्रचारक के रूप में अनेक महत्वपूर्ण दायित्वों पर काम किया तथा सन् 1988 में उन्हें अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना का कार्य सौंपा गया। उन्होंने अनवरत परिश्रम कर देशभर के प्रत्येक जिला में इतिहास संकलन योजना की कार्यकारिणी का गठन किया और इतिहास के विद्वानों को भारतीय इतिहास परंपरा का ज्ञान करवाया। वह 1992 से 2000 तक इतिहास संकलन योजना के राष्ट्रीय अध्यक्ष और तत्पश्चात् 2003 तक मार्गदर्शक का दायित्व निर्वहन करते रहे। ठाकुर राम सिंह इतिहास शोध संस्थान की स्थापना हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर जिला केन्द्र से पश्चिम दिशा में स्थित नेरी गांव में 7 अक्तूबर, 2002 को उनके मार्गदर्शन में इतिहास एवं भारतीय ज्ञान परंपरा के क्षेत्र में स्थायी कार्य हेतु हुई। ठाकुर राम सिंह का जीवन केवल एक व्यक्ति की जीवनी नहीं है, बल्कि वह उस चेतना का प्रतिनिधित्व करता है जो किसी भी समाज को भीतर से जागृत करती है। उनका व्यक्तित्व हमें यह सिखाता है कि परिस्थितियां चाहे जितनी भी कठिन क्यों न हों, यदि लक्ष्य स्पष्ट हो, चरित्र दृढ़ हो और कर्म नि:स्वार्थ हो, तो साधारण मनुष्य भी असाधारण भूमिका निभा सकता है। आज जब युवा पीढ़ी त्वरित सफलता, व्यक्तिगत लाभ और बाहरी चमक की ओर आकृष्ट दिखाई देती है, ऐसे समय में ठाकुर राम सिंह का जीवन एक सशक्त वैचारिक प्रकाशस्तंभ के रूप में सामने आता है। उनका जन्म ऐसे कालखंड में हुआ जब देश राजनीतिक पराधीनता, सामाजिक विषमता



और सांस्कृतिक आत्मविस्मृति के दौर से गुजर रहा था। औपनिवेशिक शासन ने न केवल भारत की आर्थिक संरचना को कमजोर किया, बल्कि उसकी सांस्कृतिक चेतना और आत्मगौरव पर भी गहरा प्रहार किया। ऐसे समय में राष्ट्रसेवा का मार्ग चुनना केवल साहस का कार्य नहीं था, बल्कि यह आत्मत्याग और दीर्घकालिक संकल्प की मांग करता था। ठाकुर राम सिंह ने इसी मार्ग को अपने जीवन का उद्देश्य बनाया। उनका जीवन हमें यह सिखाता है कि राष्ट्रभक्ति केवल नारों या आंदोलनों तक सीमित नहीं होती, बल्कि वह निरंतर, मौन और रचनात्मक कर्मों में प्रकट होती है। उन्होंने समाज को संगठित करने, युवाओं को दिशा देने और इतिहास-बोध को जीवित रखने के लिए जिस प्रकार कार्य किया, वह आज भी उतना ही प्रासंगिक है। उनका विश्वास था कि कोई भी राष्ट्र तब तक सशक्त नहीं हो सकता, जब तक उसकी युवा शक्ति अपने अतीत से परिचित न हो और वर्तमान के प्रति उत्तरदायी न बने। उनका विशेष योगदान यह रहा कि उन्होंने इतिहास को केवल पुस्तकों का विषय नहीं माना, बल्कि उसे सामाजिक चेतना का आधार बनाया। वे मानते थे कि जिस समाज को अपने पूर्वजों के संघर्ष, त्याग और सांस्कृतिक विरासत का ज्ञान नहीं होता, वह दिशाहीन हो जाता है। इसी दृष्टि से उन्होंने इतिहास शोध, दस्तावेजों के संरक्षण और सांस्कृतिक स्मृति को सहेजने का कार्य किया। यह प्रयास दिखाता है कि सच्चा राष्ट्रनिर्माण केवल राजनीतिक सत्ता से नहीं, बल्कि बौद्धिक और सांस्कृतिक परिश्रम से होता है। युवा पीढ़ी के लिए ठाकुर राम सिंह का जीवन इसलिए भी प्रेरणास्पद है क्योंकि उन्होंने कभी तात्कालिक लाभ या व्यक्तिगत प्रतिष्ठा को अपने कार्यों का लक्ष्य नहीं बनाया। उनका जीवन सादगी, अनुशासन और सेवा भाव का उदाहरण है। आज के समय में जब सफलता को केवल धन, पद और प्रसिद्धि से आंका जाता है, वह यह सिखाते हैं कि वास्तविक सफलता समाज के लिए उपयोगी बनने में है। उन्होंने संगठनात्मक कार्यों को केवल प्रशासनिक जिम्मेदारी के रूप में नहीं देखा, बल्कि उन्हें सामाजिक संस्कार के माध्यम के रूप में विकसित किया। उनका मानना था कि संगठन वही टिकाऊ होता है, जो व्यक्ति के चरित्र को गढ़े और उसे राष्ट्र के व्यापक हितों से जोड़े। इसी कारण उनके द्वारा प्रेरित और प्रशिक्षित लोग केवल कार्यकर्ता नहीं बने, बल्कि विचारवान नागरिक के रूप में विकसित हुए। ठाकुर राम सिंह की सोच में शिक्षा का स्थान अत्यंत महत्त्वपूर्ण था। उनके लिए शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का साधन नहीं थी, बल्कि वह व्यक्तित्व निर्माण की प्रक्रिया थी। वे मानते थे कि यदि शिक्षा व्यक्ति को समाज और राष्ट्र के प्रति उत्तरदायी नहीं बनाती, तो वह अधूरी है।

### बाजे अयोध्या नगरी में बधाई कि नगरी में आदि कुमार जन्में

## आयोजनः अतिशय क्षेत्र पदमपुरा में श्री मज्जिनेन्द्र पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महामहोत्सव का दूसरा दिन

**जयपुर ( विश्व परिवार )।** श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र पदमपुरा में चल रहे नव निर्मित खड्गासन चौबीसी जिन प्रतिमाओं के पंचकल्याणक एवं नव निर्मित पद्मबल्लभ शिखर पर कलश एवं ध्वजारोहण के पांच दिवसीय भव्य महा-महोत्सव में गुरुवार को जन्म कल्याणक महोत्सव मनाया गया। इस मौके पर तीर्थंकर बालक की जन्माभिषेक शोभायात्रा निकाली गई। वात्सल्य वारिधि आचार्य वर्धमानसागर महाराज, गणिनी आर्यिका सरस्वती माताजी एवं गणिनी आर्यिका स्वस्तिभूषण माताजी ससंघ के पावन सानिध्य में जन्म कल्याणक की क्रियाएं और पाण्डुक शिला पर तीर्थंकर बालक आदि कुमार के हुए जन्माभिषेक देखने के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। श्रद्धालुओं ने भगवान आदिनाथ एवं भगवान पद्मप्रभु के जयकारों से वातावरण को भक्ति मय बना दिया। महा-महोत्सव के अध्यक्ष सुधीर कुमार जैन एवं महामंत्री हेमन्त सोगानी ने बताया कि प्रतिष्ठाचार्य



पं. हंसमुख जैन धरियावद के निर्देशन में जन्म कल्याणक के तहत प्रात: 6.30 बजे से जन्म कल्याणक की क्रियाएं हुई। जिसके अन्तर्गत नित्य अभिषेक, शांतिधारा के बाद महाराजा नाभिराय एवं रानी मरु देवी बने महावीर - शशि पहाडियाँ के तीर्थंकर जिन बालक का जन्म हुआ। जन्म की खबर सुनते ही %% माता के लल्ला हो गया क्या कहिये क्या कहिये...... गाकर नाचते हुए स्वर्ग के देवों सहित अयोध्या वासियों ने खुशिया मनाई। इस मौके पर इन्द्र सभा में बैठे सौधर्म इन्द्र सुरेन्द्र - मृदुला पाण्डया का आसन कम्पायमान हो उठा। कुबेर पारस-पूजा पाटनी का आगमन, ऐरावत हाथी की रचना, शचि इन्द्राणी का अंतपुर जाना, बाल तीर्थंकर को लाकर सौधर्म इन्द्र को सौपने के सुन्दर दृश्य देख श्रद्धालुओं में हर्षोल्लास छा गया।

## बिरधा में हुए विभिन्न धार्मिक आयोजन

**बिरधा ( विश्व परिवार )।** कस्बा बिरधा में आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की समाधि दिवस एवं नवीन दि.जैन पारसनाथ जैन मंदिर जीर्णोद्धार के वर्षगांठ के उपलक्ष्य में सकल दि. जैन समाज बिरधा के आस्था वान श्रद्धालु नर नारी उत्साही युवाओं द्वारा जैन मंदिर जी में प्रात- काल में संगीतमय पूजन,नित्य क्रियायें, अभिषेक शांतिधारा व आचार्य छत्तीसी विधान व हवन क्रियाएं पं जय कुमार जी सेरोन के मंगल निर्देशन में संपन्न की गई, इस अवसर पर सोधर्म इंद्र प्रेमचंद पंकज बिरधा परिवार, यज्ञ नायक राजेश जैन चौधरी, पीयूष कुमार चौधरी, विमान में श्रीजी विराजमान करने व कुबेर बनने का सौभाग्य इंद्र संजीव कुमार राजीव जैन परिवार को मिला, ईशान इंद्र कैलाश चंद मोदी परिवार,सानत इंद्र व माहेंद्र बनने का सौभाग्य अशोक जैन, सुरेश



जैन मोदी परिवार को मिला, इसके तत्पश्चात जैन मंदिर जी से उत्साही श्रद्धालुओं ने बड़े धूमधाम से कस्बा में श्रीजी भगवान के विमान भव्य शोभा यात्रा निकाली गई,जैन- जैनेतर अनुयाइयों ने जगह जगह अपने द्वारों पर मनमोहक रंगोली सजाकर विमान शोभायात्रा की अगवानी करते हुए दीपों से तीर्थंकर भगवान की महाआरती उतारी,और पुण्यार्जन किया, शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु नर नारियों द्वारा श्रीजी के चरणों में चंवर ढूंलाते,नृत्य करके जय कारा लगाते हुए धर्म का उद्घोष करते हुए जगत की सुख शांति समृद्धि की ईश्वर से मंगल कामना की गई,वही आस्था में सराबोर नारियों द्वारा मंगलगान करते हुए पुण्य अर्जित किया गया, संगीतकार ग्रुप द्वारा भजनों से वातावरण में भक्ति स्वरलहरी की भक्ति गंगा बह रही थी,विमान पूजन विधान - शोभा यात्रा कार्यक्रम एवं आचार्य श्री विद्यासागर दि. जैन धर्मशाला में भोजन प्रसाद वितरण व्यवस्था को सफल बनाने में मुख्य योगदान प्रेमचंद,पंकज बिरधा,संजय जैन मोदी,नरेंद्र जैन,सनत जैन चौधरी, अशोक जैन मोदी, कैलाश चंद मोदी, इं.श्रीपाल जैन,सुरेश कुमार, अनिल जैन, प्रकाश चंद, अरविंद कोटेदार, सुनील जैन,मुकेश कुमार, संजीव कुमार राजीव जैन, कमलेश जैन, इंगलेश जैन, पीयूष चौधरी, सुबोध जैन मोदी, दिलीप मोदी, राजेश चौधरी, अंतिम जैन,संदेश जैन,सौरभ जैन,शैलेश जैन, गौरव जैन, प्रतीक जैन(सनी), वैराग्य जैन,शुभम जैन, आयुष जैन,ठेकेदार,साहिल,गोलू जैन, समय जैन,संस्कार,संयम, यश,कृष, रियांश,उत्कर्ष, सुशांत जैन आदि समस्त जैन समाज का रहा।

## राजिम-छुरा मुख्य जिला मार्ग के लिए 145.62 करोड़ स्वीकृत

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** राज्य शासन ने गरियाबंद जिले के राजिम से छुरा मुख्य जिला मार्ग के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण के लिए 145 करोड़ 62 लाख रुपए स्वीकृत किए हैं। इस राशि से 43.5 किमी लंबे इस मार्ग को चौड़ा और सुदृढ़ किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री श्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद राज्य शासन ने मंत्रालय से आज राशि स्वीकृति के संबंध में प्रमुख अभियंता को परिपत्र जारी कर दिया है। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कार्य में प्रयुक्त की जाने वाली सामग्रियों एवं संपूर्ण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए हैं। किसी भी स्तर पर कार्य की गुणवत्ता में कमी पाये जाने पर उत्तरदायित्व का निर्धारण करते हुए नियमानुसार कार्यवाही की

## स्वामी कैलाशानन्द गिरि महाराज से सांसद बृजमोहन ने लिया आशीर्वाद



**रायपुर( विश्व परिवार )।** निरंजनी पीठाधीश्वर महामण्डलेश्वर स्वामी कैलाशानन्द गिरि जी महाराज अपने रायपुर प्रवास के दौरान सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता श्री बृजमोहन अग्रवाल के निवास पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने सांसद श्री अग्रवाल एवं उनके परिवार से आत्मीय भेंट कर उन्हें अपना पावन आशीर्वाद प्रदान किया।

सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने महाराज श्री का ससम्मान स्वागत करते हुए उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की और कहा कि संतों का सान्निध्य एवं आशीर्वाद समाज और राष्ट्र के लिए सकारात्मक ऊर्जा का स्रोत होता है।

## गुरु स्मृति दिवस पर श्रद्धालुओं ने भाव विभोर होकर नमन किया

**भोपाल ( विश्व परिवार )।** पिपलानी जिनालय में चरण का प्रक्षालन भोपाल राष्ट्रसंत आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के द्वितीय समाधि दिवस पर जन जन ने नमन करते हुए भाव विभोर विनयांजलि दी आचार्य श्री के समाधि दिवस को गुरु स्मृति दिवस के रूप में मनाया गया प्रवक्ता अंशुल जैन ने बताया राजधानी के जैन मंदिरों में आचार्य श्री के गुणों की विशेष पूजा अर्चना कर विनयांजलि दी गई विद्योदय युवा महासंघ के तत्वाधान में निशक्त और अस्याय लोगों को भोजन कराया गया शाम कोघर घर से एक दीपक लेकर पहुंचे श्रद्धालु संयम कीर्ति स्तंभ राजा भोज सेतु कमला पार्क में भक्ति मय आरती के साथ दीपक अर्पित किया,, दीपक की ज्योति संदेश दे रही थी आचार्य श्री के सिद्धांत हमेशा मानव जीवन में नई



जागृति लाएंगे,,, आचार्य श्री को विनयांजलि देते अमोद अंकित के भजनों ने भाव विभोर कर दिया, संस्था के अध्यक्ष अभिराज जैन एडवोकेट सचिव यश जैन ने बताया इस मौके पर आचार्य श्री के संदेश गो सेवा इंडिया नहीं भारत बोलो ,, अहिंसा,जीव दया, हथ करघा भारत का स्वाभिमान की जन जन तक पहुंचाने विशेष योजना बनाकर कार्य करेंगे इस अवसर पर पंचायत कमेटी ट्रस्ट के अध्यक्ष पंकज जैन पूर्व अध्यक्ष दय प्रमोद हिमांशु मनोज बांगा संस्था के अध्यक्ष - अभिषेक राज जैन

सचिव यश जैन, अंशुल जैन, गौरव जैन आई. टी., अर्पित जैन, हिमांशु जैन, हर्ष जैन, सौरभ जैन नेहरू नगर, अजय जैन, प्रयास जैन लिटिल, अक्षय जैन, संकेत जैन दानी, नीरज जैन सी.ए., अपूर्व जैन, उज्जवल जैन, अक्षत जैन, विकास जैन, अंकुर सराफ,

## कथा विश्राम दिवस के दिन श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**बीरगांव ( विश्व परिवार )।** जय बजरंगबली मानस मंडली के द्वारा भनपुरी चल रहे श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह कथा के विश्राम दिवस के दिन कथा श्रवण करने वाले श्रद्धालुओं भारी भीड़ देखने को मिली वही कथावाचक अनिल शास्त्री जी महाराज ने श्रीमद्भागवत महापुराण के एकादश स्कंध के प्रसंग का वर्णन करते हुए बताया कि नवयोगेश्वर अवधूतोपाख्यान दत्तात्रेय और यदु कलिधर्म कलियुग का वर्णन भक्ति ज्ञान और सदाचार के अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। ये जीवन के परम लक्ष्य माया से मुक्ति गुरु-शिष्य परंपरा और कलयुग में भक्ति की महिमा को उजागर करते हैं। वही महाराज जी ने कथा का आगे वर्णन करते हुए कहा कि नवयोगेश्वर राजा निमि और नौयोगेश्वरों कवि हरि अंतरिक्ष प्रबुद्ध भगवान का स्वरूप माया के पार जाने का उपाय भागवत धर्म



और कलयुग में भगवान की उपासना हो। वही महाराज जी ने कहा कि कलिधर्म करभाजन जी राजा निमि को बताते हैं कि कलियुग में धर्म सत्य पवित्रता क्षमा आदि का ह्रास होगा वही अनिल शास्त्री जी महाराज ने अपने अगले वर्णन में बताया कि कलियुग में केवल भगवान का नाम कीर्तन ही सबसे सुलभ और श्रेष्ठ साधन है जिसमें लोगों की मनोकामना पूर्ण होती है।

## भारत विकास परिषद की प्रेरणा से शहर में संपन्न हुआ 63वां नेत्रदान

**रामगंजमंडी ( विश्व परिवार )।** रामगंजमंडी निवासी कपड़ा व्यवसायी (खादी भंडार) वाले प्रेमचंद जैन (सबद्रा) की धर्मपत्नि व विपिन जैन (मोनू)की माताजी श्रीमति शकुंतला जैन का कोटा के अस्पताल में बीमारी के चलते आकस्मिक निधन हो गया।



ज्योति मित्र अभिषेक लुहाड़िया ने तुरंत ही भारत विकास परिषद के कोषाध्यक्ष संजय पतीरा को यह दु:खद सूचना दी, पतीरा ने भाई मनीष व विपिन से नेत्रदान करवाने की बात की, जिस पर विपिन ने पिता,चाचा ज्ञानचंद जी,संतोष जी व परिवार जनों से चर्चा करके तुरंत ही नैत्रदान के लिए सहमति दे दी। जिसकी सूचना पतीरा ने शाइन इंडिया फाउंडेशन के डॉ.कुलवंत गौड़ को दी। सहमति बनने तक परिवार के सदस्य कोटा हॉस्पिटल से एंबुलेंस में शकुंतलाजी की पार्थिव देह को रख चुके थे, उस समय शाइन इंडिया फाउंडेशन के टेक्नीशियन टिंकू ओझा ने पहुंच कर एंबुलेंस में ही नेत्रदान की प्रक्रिया को संपन्न किया। संस्था व भारत विकास परिषद के सहयोग से शहर में नेत्रदान के प्रति आमजन में रुझान बढ़ता जा रहा है,शहर का यह 63 वाँ नैत्र दान है। जो परिषद व शाइन इंडिया के सहयोग से सम्पन्न हुवे हैं।अब जैसे ही शहर में कहीं भी शोक की घटना होती है, ऐसी दुख की घड़ी में भी यदि कोई मित्र,परिषद या संस्था के सदस्य नेत्रदान के लिए अनुरोध करते हैं तो परिवार स्वत- ही सहमति दे देता है।

## थैलेसीमिया पीड़ितों की जिंदगी से लाल रंग हटाकर बाकी रंग देने में जुटी हैं काजल

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर स्थित एक निजी होटल में हीमोग्लोबिनोपैथी कनक्लूसिव आयोजन कार फाउंडेशन के द्वारा किया गया बता दे की कार्ड फाउंडेशन की डायरेक्टर काजल सचदेव ने देशभर से आए डॉक्टर के साथ चर्चा की , साथ ही सिकलसेल और थैलेसीमिया जैसी गंभीर बीमारियों पर नियंत्रण कैसे पाया जाए विषय पर संगोष्ठी रखी गई। बता दे की काश फाउंडेशन की अध्यक्ष सुरेश काजल सचदेव ने थैलेसीमिया एवं सिकलसेल जैसी गंभीर बीमारियों से पीड़ित बच्चों के लिए 13 फरवरी 2026 को सचदेव धर्मशाला हाल रमन मंदिर मार्ग फाफाडीह रायपुर में नि:शुल्क ।फ्र जांच एवं परामर्श जागरूकता शिविर का आयोजन भी किया था। इस शिविर का



मुख्य उद्देश्य दूर दराज एवं ग्रामीण अंचलों के जरूरतमंद बच्चों तक जांच और परामर्श की सुविधा पहुँचाना था। राजधानी रायपुर में यह सबसे बड़ा संगोष्ठी कार्यक्रम था जिसमे राजधानी सहित देश के प्रतिष्ठित डॉक्टरों ने हिस्सा लिया। इसका मुख्य उपदेश हीमोग्लोबिनोपैथी के बढ़ते मामलों के बीच, विशेषज्ञ कार्यशालाओं के जरिए जागरूकता, स्वैच्छिक रक्तदान और जेनेटिक स्क्रीनिंग पर जोर दे रहे हैं ।काश फाउंडेशन की अध्यक्ष काजल सचदेव ने बताया की प्रदेशभर में शिविर लगाकर और पोस्टर्स के माध्यम से लोगो को जागरूक किया जा रहा है। आगे कहा की सरकार की तरफ से भी इस बीमारी से लड़ने भरपूर सहयोग मिल रहा है। उन्होंने ये भी कहा की नए दंपतिय जीवन में प्रवेश करने से पहले जोड़ो को ब्लड कुंडली भी मिलनी चाहिए।

## समावेशी शिक्षा अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक समग्र शिक्षा दीपक सोनी के दिशा-निर्देश में समावेशी शिक्षा अंतर्गत दिव्यांग बच्चों के पालक, अभिभावक एवं बच्चों के अध्ययनरत शाला के संस्था प्रमुखों के विकासखण्ड स्त्रोत केन्द्र समग्र शिक्षा बलौदाबाजार में 3 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गए ।मास्टर्स ट्रेनर्स अर्चना यादव, कु. प्रीति देशमुख एवं सविता चाम्भारे द्वारा प्रशिक्षण दी जा रही है। कार्यशाला में प्रत्येक विकासखण्ड से दिव्यांग बच्चों के पालक अभिभावक एवं संस्था प्रमुखों को दिव्यांग बच्चों के संबंध में प्रतिभागियों को समावेशी शिक्षा और दिव्यांग बच्चों के अधिकारों के बारे में संवेदनशील बनाने और उनका मार्गदर्शन किया गया । पाठ्यक्रम अनुकूलन, कक्षा




रणनीतियों, सहायक उपकरणों के उपयोग और आईईपी योजना के क्षेत्रों में क्षमता निर्माण,दिव्यांग बच्चों के संदर्भ में राष्ट्रीय शिक्षा नीति की अवधारणा से अवगत कराया गय इसके साथ सीडब्ल्यूएसएन के लिए प्रभावी कक्षा कक्ष व्यवस्था, पालक/अभिभावक को दिव्यांग बच्चों के शिक्षण-प्रशिक्षण, कौशल विकास एवं शासन की योजनाओं की जानकारी के बारे में बताया गया। जिला सांख्यिकी अधिकारी अर्चना बघेल ने दिव्यांग बच्चों के हित में शासन द्वारा निर्धारित योजनाओं से अवगत कराया। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. संजय गुहे एवं जिला मिशन समन्वयक नरेन्द्र वर्मा ने समावेशी शिक्षा अंतर्गत दिव्यांग बच्चों को समरत विद्यार्थियों से समन्वय कर अध्ययन अध्यापन के साथ-साथ सभी क्रियाकलाप में सहभागी होने हेतु सुझाव दिया गया।

## 496 दिन उपवास, 557 दिन मौन साधना करने वाले तपस्वी संत ससंघ पहुंचेंगे

### कल होगा आचार्य प्रसन्न सागर का मंगल प्रवेश

**औरंगाबाद ( विश्व परिवार )।** स्वस्तिधाम जहाजपुर में 20 फरवरी को प्रात: बेला में जैन समाज के तपस्वी संत आचार्य प्रसन्नसागर महाराज ससंघ का मंगल प्रवेश होगा।

इस अवसर को लेकर क्षेत्र में धार्मिक उत्साह का माहौल है और स्वस्तिधाम क्षेत्र समिति तैयारियों में जुटी हुई है। आचार्य प्रसन्न सागर महाराज ने 21 जुलाई 2021 से 28 जनवरी 2023 के मध्य 496 दिन का कठोर उपवास किया तथा मात्र 61 दिन आहार ग्रहण किया। इसी अवधि में उन्होंने 557 दिनों तक मौन साधना कर आध्यात्मिक तपस्या का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया। यह तप साधना



उन्होंने झारखंड स्थित पवित्र तीर्थ पारसनाथ पर्वत (सम्मेद शिखर) पर संपन्न की। आचार्य ने 6 मई 2023 को जैनाचार्य परंपरा के महान संत आचार्य विद्यासागर महाराज के चरण पखारकर आजीवन शक्कर एवं चटाई का त्याग करने का संकल्प लिया था। त्याग, तप और साधना के लिए विख्यात आचार्य प्रसन्न सागर अब तक 4000 से अधिक उपवास कर चुके हैं तथा 1 लाख किलोमीटर से अधिक की पदयात्रा कर धर्मप्रभावना की है। उनके आचार्य प्रसन्न सागर महाराज। संघ में वर्तमान में 9 मुनि महाराज एवं 7 आर्यिका माताजी विहाररत हैं। 20 फरवरी को प्रात:काल स्वस्तिधाम में स्वागत, शोभायात्रा एवं धर्मसभा का आयोजन प्रस्तावित है। क्षेत्र समिति द्वारा साफ-सफाई, स्वागत द्वार, सजावट और श्रद्धालुओं की व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। उसी श्रृंखला में आज उपस्थित गुरु भक्तों को संबोधित करते हुए आचार्य श्री प्रसन्न सागरजी महाराज ने कहा कि ये ज़रूरी नहीं कि सब लोग हमें देखे, सुने और समझ भी ले.. क्योंकि तराजू सिर्फ वजन बता सकती है, क्वालिटी नहीं..! सच तो यही है कि अभी हमको ना देखना आया, ना सुनना आया, और ना समझना आया -- अभी हम देखने को देखते हैं, क्योंकि सब देख रहे हैं इसलिए हम भी देख रहे हैं। सुनने को हम सुन रहे हैं, पर जो हम कह रहे हैं, वो कोई भी नहीं सुन रहा है। समझने को हम समझ रहे हैं, पर सच यही है कि हम कुछ भी नहीं समझ रहे हैं, सिवाय अपने स्वार्थ के ।वर्षों वर्षों से विद्वान, पंण्डित, सन्त, आचार्य और साधुओं को सुनने के बाद भी हमारे जीवन में कोई परिवर्तन नहीं, ना व्यवहार में - ना आचार में। हमने कहा ना - अभी हम सन्तों को नहीं, अपने आपको, अपनी परम्परा को, अपनी मान्यता को ही सुनते हैं। हम वही सुनते हैं जिससे हमारी धारणा मजबूत होती है। जो हमें बदलता है उसे हम सुनते ही नहीं है। ध्यान रखना! सब साधु सन्त, पण्डित, विद्वान, पादरी अपनी परम्परा, मान्यता, पन्थ और सम्प्रदाय की गन्दगी को ही परोस रहे हैं। इसलिए जीवन में परिवर्तन नहीं आ रहा है। अभी हम धर्म के मर्म से बहुत दूर है। धर्म का मर्म है अहिंसा, संयम, दया, मैत्री, सदभाव, भाई चारा और परोपकार। अभी हम एक दूसरे को पीछे करने में लगे हैं। प्रतिस्पर्धा की अंधी दौड़ में दौड़ रहे हैं। प्रतिस्पर्धा की दौड़ का कोई अन्त नहीं है। जहाँ से प्रतिस्पर्धा की शुरुआत होती है वहीं से प्रेम, मैत्री, सदभाव और अपनापन समाप्त हो जाता है...!!! ?

**नरेंद्र अजमेरा** पियुष कासलीवाल
औरंगाबाद

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
निविदा सूचना
**निविदा सूचना क्रमांक 06-CEE-C-SECR-2026, Date- 13.02.2026.**
**कार्य का नाम :** '' निर्माण भवन, बिलासपुर में 3 वर्ष की अवधि के लिए सभी पुर्जो की आपूर्ति सहित स्थापित 2 नग लिफ्ट (कोन मेक) का व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध''। **निविदा मुल्य :** रु.8,64,503.76/- (आठ लाख चौंसठ हज़ार पाँच सौ तीन दशमलव छिहत्तर मात्र) **बयाना राशि:** रु.17,300/- (सत्रह हज़ार तीन सौ मात्र। **निविदा बंद होने का समय एवं दिनांक :** 06.03.2026 को 15:30 बजे। **निविदा खुलने का समय एवं दिनांक :** 06.03.2026 को 15:45 बजे। कार्य पूर्णता की अवधि: स्वीकृति का पत्र जारी होने की तारीख से 36 (छत्तीस) माह।
वेबसाइट का विवरण तथा नोटिस बोर्ड का स्थान : उपर दिए गए कार्य के लिए विस्तृत जानकारी/ई-निविदा दस्तावेज पात्रता का मापदंड तथा अन्य विस्तृत विवरण हेतु ई-निविदा कागजात, जो हमारी वेबसाइड www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है उसे डाउनलोड कर/देख सकते है।
**उप मुख्य विद्युत अभियंता (निर्माण)/बीएसपी.**
सीपीआर/10/AM/699 **द.पू.म.रेलवे, बिलासपुर**
South East Central Railway @secrail

## संक्षिप्त समाचार

### मस्तूरी के 8 ग्रामों में राशन दुकान आवंटन के लिए आवेदन आमंत्रित, 13 मार्च तक करें आवेदन

**बिलासपुर।** जिले के विकासखंड मस्तूरी के अंतर्गत सार्वजनिक वितरण प्रणाली को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 8 ग्रामों में उचित मूल्य (राशन) दुकानों के संचालन हेतु 13 मार्च 2026 तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। एसडीएम कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार इनमें बूढ़ीखार, गतोरा, केवतरा, गोडाडीह, मस्तूरी, मटिया, शिवटिकारी एवं सुकुलकारी ग्रामों में राशन दुकान खोले जाने हैं। इन ग्रामों राशन दुकान के लिए पात्र स्व सहायता समूह, ग्राम पंचायत अथवा सहकारी संस्थाएं निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत कर सकती हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 13 मार्च 2026 निर्धारित की गई है। इच्छुक आवेदकों को अपने आवेदन मस्तूरी स्थित एसडीएम कार्यालय की खाद्य शाखा में उक्त तिथि तक जमा करना होगा। आवेदन निर्धारित फॉर्मेट में तैयार कर ए-4 आकार के लिफाफे में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। निर्धारित शर्तों एवं दिशा-निर्देशों के अनुसार ही आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। खाद्य निरीक्षक ने पात्र संस्थाओं से समय-सीमा के भीतर आवेदन प्रस्तुत करने की अपील की है। विस्तृत जानकारी एसडीएम कार्यालय मस्तूरी के खाद्य शाखा से प्राप्त की जा सकती है।

### शासकीय विद्यालयों की वार्षिक परीक्षा समय सारणी जारी

बिलासपुर। जिले में संचालित शासकीय विद्यालय एवं स्वामी आत्मानंद विद्यालय हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम में अध्ययनरत 1लीं से 7वीं, 9वीं एवं 11वीं के विद्यार्थियों की वार्षिक परीक्षा की समय सारणी जारी कर दी गई है। कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार पहली से चौथी कक्षा की वार्षिक परीक्षा 27 मार्च से, छठवीं, सातवीं, नवमी एवं ग्यारहवीं कक्षा की परीक्षा 25 मार्च से प्रारंभ होगी। नवमी एवं ग्यारहवीं की परीक्षाएं 10 अप्रैल तक वहीं शेष कक्षाओं की परीक्षा 9 अप्रैल को समाप्त हो जाएगी। कक्षाओं के अनुरूप वार्षिक परीक्षा का समय भिन्न-भिन्न निर्धारित किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने निर्देशित किया है कि सभी विषयों की प्रयोजना कार्य 5 मार्च तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कर लें। परीक्षा उपरांत विषयवार उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करें एवं मध्यान्ह भोजन का सुचारू रूप से संचालन हो।

### पीएम आशा योजना के तहत किसानों का पंजीयन 28 तक

**बिलासपुर।** जिले में प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान योजना (पी.एम. आशा योजना) के तहत प्राईस सपोर्ट स्कीम अन्तर्गत किसानों का पंजीयन एकीकृत किसान पोर्टल में किया जाना है। योजना अन्तर्गत रबी विपणन वर्ष 2026-27 में चना, मसूर, एवं सरसों फसलों की बुवाई करने वाले किसान अपना पंजीयन 28 फरवरी 2026 तक करवा सकते है। इन फसलों की बुवाई करने वाले कृषक अपने क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों के माध्यम से सेवा सहकारी समितियों में आवेदन पत्र के साथ ऋण पुस्तिका, बी-1, पी-2, आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक की छायाप्रति जमा कर किसान डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन पोर्टल पर पंजीयन करवा सकते है। पीएम आशा योजना अन्तर्गत शासन द्वारा निर्धारित समय-सीमा में रबी विपणन वर्ष 2026-27 में चना, मसूर एवं सरसों फसल प्राईस सपोर्ट स्कीम के तहत न्यूनतम समर्थन मूल्य पर जिलें के चिन्हाकिंत केन्द्रीय एजेंसी भारती राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ मर्यादित (नेफेड) द्वारा पंजीकृत कृषकों की फसलों का उपार्जन किया जाएगा। इस योजना अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य जिसमें चना-5875 रू. मसूर-7000 रू. एवं सरसों-6500 रू. न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रति क्विंटल तय किया गया है। शासन द्वारा जिलें में उपार्जन एवं भंडारण के लिए उपार्जन केन्द्र के रूप में विकासखण्ड बिल्हा से सेवा सहकारी समिति-बिल्हा, सेंदरी सम्बद्ध भंडारण केन्द्र-बिलासपुर विकासखण्ड-मस्तुरी से सेवा सहकारी समिति जयरामनगर, सम्बद्ध भंडारण केन्द्र-जयरामनगर विकासखण्ड-तखतपुर से सेवा सहकारी समिति तखतपुर सम्बद्ध भंडारण केन्द्र-तखतपुर तथा विकास खण्ड-कोटा से सेवा सहकारी समिति कोटा सम्बद्ध भंडारण केन्द्र-बिलासपुर का चयन एवं अधिसूचित किए गए है। कृषकों से फसल उपार्जन कार्य सप्ताह में 5 दिवस (सोमवार से शुक्रवार) किया जाएगा। योजना अन्तर्गत शासन द्वारा पंजीकृत कृषकों से रबी फसल चना 6 क्विंटल, मसूर-2 क्विंटल एवं सरसों 5 क्विंटल प्रति एकड़ की दर से कृषकों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी की जाएगी। किसान भाईयों से अपील है कि अपने क्षेत्र के संबंधित समिति में पंजीयन कराते हुए न्यूनतम समर्थन मूल्य पर फसलों का विक्रय कर सकते है।

### नशे में धुत युवकों की तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई

**कोरबा।** कोरबा में देर रात तेज रफ्तार और शराब के नशे ने बड़ा हादसा करा दिया। मानिकपुर चैकी क्षेत्र के अंतर्गत घंटाघर-मिनिमाता कॉलेज मुख्य मार्ग पर एक कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, हालांकि एयरबैग खुलने से चालक और उसके साथ सवार युवक की जान बच गई। जानकारी के अनुसार मंगलवार देर रात कुछ युवक शराब के नशे में तेज रफ्तार से कार चला रहे थे। शहर के व्यस्त मार्ग पर भी वे वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सके।

## ब्राह्मण मातृशक्ति परिषद् ने कराया 31 ब्राह्मण बटुकों का उपनयन संस्कार

**बिलासपुर।** उत्कृष्ट ब्राह्मण सामाजिक संगठन समग्र ब्राह्मण परिषद् छत्तीसगढ़ की बिलासपुर मातृशक्ति परिषद् ईकाई द्वारा गुरुवार को महामाया देवी की नगरी रतनपुर में मंदिर परिसर के श्री सत्संग मंडप में 31 ब्राह्मण बटुकों का सामूहिक उपनयन संस्कार कराया गया. समग्र ब्राह्मण मातृशक्ति परिषद् बिलासपुर की जिलाध्यक्ष श्रीमती रमा दीवान एवं जिला सचिव श्रीमती अंजू शर्मा ने आयोजन के विषय में जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि संगठन की जिला ईकाई द्वारा पहली बार रतनपुर में एक दिवसीय प्रदेश स्तरीय सामूहिक उपनयन संस्कार का आयोजन किया गया है. 19 फरवरी को विशेष रूप से उपनयन संस्कार का शुभ एवं शुद्ध मुहूर्त की तिथि में 31 ब्राह्मण बटुकों को जनेऊ धारण करवाया गया. सनातन धर्म में कुल सोलह संस्कार होते हैं इसमें उपनयन संस्कार यानी जनेऊ संस्कार को दसवां स्थान प्राप्त है. इस संस्कार के अंतर्गत ही व्यक्ति को जनेऊ पहनाई जाती है. इसे यज्ञोपवीत संस्कार भी कहा जाता है. उपनयन का शाब्दिक अर्थ होता है खुद को अंधकार से दूर रखना और प्रकाश की ओर बढ़ना. जनेऊ के पवित्र धागे को व्यक्ति को आध्यात्म से जोड़े रखते हैं. वह बुरे कर्म, बुरे विचारों से दूर रहता है. यज्ञोपवीत या जनेऊ धारण करने वाले को यज्ञ और स्वाध्याय करने का अधिकार प्राप्त हो जाता है. यही वजह है कि




सनातन धर्म में जनेऊ संस्कार बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है. यज्ञोपवीत या जनेऊ धारण करने से त्रिदेव का आशीर्वाद मिलता है. आचार्यों के द्वारा संपूर्ण विधि विधान के साथ तैयार मंडप में सभी देवी देवताओं का पूजन करने के बाद वैदिक रीति रिवाज एवं प्रचलित परंपरानुसार के अनुसार इस कार्यक्रम में सबसे पहले तेलमाटी, मंडपाच्छादन, हरिद्रालेपन, चिकट, मातृका पूजन हुआ इसके बाद उपनयन संस्कार के लिये उपस्थित सभी बटुकों का मुंडन करवाया गया. पुनः स्नान के बाद सभी बटुकों ने आठ ब्राह्मणों के साथ भोजन कर अष्ट ब्राह्मण भोज की विधि संपन्न की. इसके बाद आचार्यों ने पलाश दंड पकड़े हुए बटुकों को जनेऊ धारण करवाकर भगवान सूर्यनारायण का दर्शन करवाया. तत्पश्चात् ब्राह्मणों द्वारा प्रत्येक बटुक को कान में गायत्री मंत्र की दीक्षा दी गयी. शिक्षा के अंतर्गत बताया गया कि जनेऊ के बाद किन-किन नियमों का पालन करना है. इसके बाद बाद बटुकों ने आयोजन में उपस्थित सभी स्वजनों से भवति भिक्षां देहि कहते हुये भिक्षा मांगी. संस्कार प्रक्रिया संपन्न होने के बाद सभी बटुकों ने नये वस्त्र धारण किये, उसके बाद श्री मंदिर परिसर में ही धूमधाम से आतिशबाजी एवं गाजे-बाजे के साथ उनकी बारात निकाली गयी. पूजा में बटुकों के प्रतिनिधि यजमान ?के रुप में ?श्रीमती शशि द्विवेदी एवं पं.राघवेन्द्र द्विवेदी जी पूजन की प्रक्रिया संपन्न की. सामूहिक जनेऊ संस्कार का उद्देश्य समाज में धार्मिक-सांस्कृतिक परंपराओं का संरक्षण करना तथा नई पीढ़ी को संस्कारों से जोड़ना है. उन्होंने कहा कि आगे भी ऐसे आयोजन नियमित रूप से किए जाएंगे, ताकि समाज में एकता और सांस्कृतिक जागरूकता बनी रहे. संगठन की प्रदेशाध्यक्ष श्रीमती प्रमिला तिवारी एवं प्रदेश सचिव सजल तिवारी द्वारा जानकारी दी गयी कि जब माता-पिता अपने बच्चों को शिक्षा के लिए भेजते हैं, तब दीक्षा दी जाती थी. सनातन धर्म में दिशाहीन जीवन को एक दिशा देना ही दीक्षा माना जाता है. दीक्षा का अर्थ संकल्प है. किसी भी व्यक्ति को दीक्षा देने का अर्थ दूसरा जन्म और व्यक्तित्व देना है. वैदिक आचार्यों के निर्देशन में मंत्रोच्चार और हवन-पूजन के साथ बटुकों को यज्ञोपवीत धारण कराया गया. सामूहिक उपनयन संस्कार के माध्यम से बटुकों को सनातन परंपरा, वेदाध्ययन और नैतिक मूल्यों के पालन का संकल्प दिलाया गया. कार्यक्रम स्थल पर धार्मिक वातावरण बना रहा और उपस्थित लोगों ने इस पहल की सराहना की. मातृशक्ति परिषद् की प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती सरोज तिवारी एवं प्रदेश संगठन विस्तार प्रमुख श्रीमती उमा शुक्ला ने बताया कि संगठन द्वारा उपनयन संस्कार के सफलतम आयोजन का यह पहला वर्ष है.

## विधायक अग्रवाल ने क्षेत्रवासियों से मुलाकात की तथा जनहित के मुद्दों पर आवश्यक निर्देश दिए.....

**बिलासपुर।** नगर विधायक अमर अग्रवाल ने आज बिलासपुर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होकर क्षेत्रवासियों से मुलाकात की तथा जनहित के मुद्दों पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस क्रम में बिलासपुर के टिकरापारा क्षेत्र में अटल वाटिका भवन के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होते हुए श्री अग्रवाल ने सामुदायिक भवन में निर्मित अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण किया। इस अवसर पर महापौर पूजा विधानी जी, वार्ड के पार्षदगण एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि यह भवन क्षेत्र के सामाजिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। इसके पश्चात उन्होंने स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश मीडियम मॉडल कॉलेज में आयोजित तरंग कार्यक्रम में



शामिल हुए। इस दौरान दो स्मार्ट बोर्ड का लोकार्पण भी संपन्न हुआ। विधायक अमर अग्रवाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा आधुनिक संसाधनों से सुसज्जित शिक्षा व्यवस्था की सराहना की। इसके अतिरिक्त, अपने निवास कार्यालय में आयोजित अपनों से मुलाकात कार्यक्रम के दौरान श्री अग्रवाल ने क्षेत्रवासियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना और त्वरित निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि जनहित एवं विकास उनके लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा आमजन को शीघ्र राहत दिलाने के लिए सतत प्रयास जारी रहेंगे।

## साइबर फ्रॉड के मामले में आरोपी पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किए.....

**बलौदाबाजार।** बलौदाबाजार की थाना सिटी कोतवाली पुलिस ने साइबर फ्रॉड की घटना को अंजाम देने वाले एक आरोपी को पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया है। आरोपी द्वारा मोबाइल पर वन टाइम पासवर्ड (ओटीपी) का मैसेज भेज कर फॉड किया गया था। आरोपी ने प्रार्थी के बैंक खाते से अलग-अलग कुल 3,74,000 निकाल लिया था।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी महेंद्र कुमार त्रिपाठी निवासी संजय कॉलोनी बलौदाबाजार द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 12.12.2025 को इसके मोबाइल नंबर पर आरोपी मोबाइल नंबर से एक मैसेज आया, जिसे प्रार्थी द्वारा डिलीट कर दिया गया। उसके बाद पुनः दिनांक 14.12.2025 को मोबाइल पर मैसेज आया जिसमें डियर कस्टमर इस योर वन टाइम पासवर्ड प्लीज एंटर एवं प्रोसीड थैंक यू, टीम जिओ फाइनेंस लिखा हुआ था। इसके बाद प्रार्थी के भारतीय स्टेट बैंक गार्डन चौक बलौदाबाजार स्थित बैंक खाता से 04 बार में कुल 3,74,000 निकल जाने का मैसेज प्राप्त हुआ। प्रार्थी के बैंक खाता से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा मैसेज आदि भेज कर 3,74,000 निकालते हुए साइबर फ्रॉड की घटना को अंजाम दिया गया है। कि रिपोर्ट पर धारा 318(4) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल कुशल निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली एवं साइबर सेल की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा जांच कार्यवाही करते हुए आरोपी द्वारा प्रार्थी के मोबाइल में भेजे गए मैसेज एवं स्टेट बैंक बलौदाबाजार से महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त किया गया, जिसके आधार पर तकनीकी विश्लेषण करते हुए कोलकाता से आरोपी शौविक राजवंशी उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम सोदपुर इंदिरा नगर वार्ड क्रमांक 112 थाना खोरदा जिला नाथ 24 परगना कोलकाता पश्चिम बंगाल को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर प्रार्थी को मैसेज भेजते हुए धोखाधड़ी करना स्वीकार किया गया। आरोपी द्वारा यह भी बताया गया कि उसके बंधन बैंक स्थित खाते में धोखाधड़ी की रकम जमा होती है, जिसके बदले में उसे कमीशन के रूप में पैसा प्राप्त होता।

## रामसर मान्यता के पश्चात आर्द्रभूमि प्रबंधन की चुनौतियां एवं अवसर

**बिलासपुर** - छत्तीसगढ़ राज्य के बिलासपुर जिले के तखतपुर विकासखंड में स्थित कोपरा जलाशय आज केवल एक जल संरचना नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय महत्व की आर्द्रभूमि के रूप में उभरती हुई प्राकृतिक धरोहर है। राज्य की पहली अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त आर्द्रभूमि के रूप में यह स्थल पारिस्थितिकी संरक्षण, जल सुरक्षा, जैव विविधता संवर्धन तथा ग्रामीण आजीविका के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। रामसर मान्यता किसी भी आर्द्रभूमि के लिए केवल प्रतिष्ठा का प्रतीक नहीं होती, बल्कि यह संरक्षण, विवेकपूर्ण उपयोग तथा दीर्घकालिक पारिस्थितिक प्रबंधन का वैश्विक दायित्व भी निर्धारित करती है। इसलिए कोपरा जलाशय को एक आदर्श मॉडल आर्द्रभूमि के रूप में विकसित करने हेतु वैज्ञानिक, सामाजिक, आर्थिक तथा नीतिगत स्तर पर समन्वित प्रयास आवश्यक हैं।

पारिस्थितिक महत्व एवं जैव विविधता संरक्षण- कोपरा जलाशय जलीय तथा तटीय पारिस्थितिक तंत्रों का



अद्वितीय संगम प्रस्तुत करता है। यहाँ विभिन्न प्रकार की प्राकृतिक प्रक्रियाएँ एक साथ संचालित होती हैं, जो क्षेत्रीय पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

इस आर्द्रभूमि में— देशी एवं प्रवासी पक्षियों की अनेक प्रजातियाँ शीतकालीन प्रवास के दौरान निवास करती हैं। विभिन्न प्रकार की मछलियाँ, उभयचर, सरीसृप तथा जलीय जीव समुदाय पाए जाते हैं। जलकुंभी, कास, नलखाद तथा अन्य जलीय वनस्पतियाँ पोषक तत्व चक्रण में सहायक होती हैं।यह प्राकृतिक रूप से जल शुद्धीकरण, भूजल पुनर्भरण तथा बाढ़ नियंत्रण जैसी पारिस्थितिकी सेवाएँ प्रदान करती है। आवश्यक संरक्षण उपाय- प्रतिवर्ष पक्षी गणना एवं जैव विविधता आकलन कार्यक्रम। संकटग्रस्त प्रजातियों हेतु संरक्षित मूल क्षेत्र (कोर क्षेत्र) का निर्धारण। बाह्य आक्रामक वनस्पति एवं जीव प्रजातियों का नियंत्रण। जल गुणवत्ता की नियमित जाँच—अम्लीयता स्तर, घुलित ऑक्सीजन, जैव रासायनिक ऑक्सीजन मांग तथा पोषक तत्व भार का मूल्यांकन। यदि दीर्घकालिक वैज्ञानिक निगरानी प्रणाली विकसित की जाए तो यह स्थल राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय शोध गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बन सकता है।

जल संतुलन एवं जल संसाधन प्रबंधन-किसी भी आर्द्रभूमि का अस्तित्व उसके जल पर निर्भर करता है। जल स्तर में उतार-चढ़ाव, तलछट संचयन तथा पोषक तत्वों की अधिकता पारिस्थितिकी संतुलन को प्रभावित कर सकती है।

प्रमुख रणनीतियाँ- जलग्रहण क्षेत्र उपचार योजना लागू करना। ऊपरी कृषि क्षेत्रों से रासायनिक अपवाह को नियंत्रित करना। वर्षा जल संचयन एवं भूजल पुनर्भरण संरचनाओं का निर्माण। वैज्ञानिक आधार पर तलछट निष्कासन योजना तैयार करना। संतुलित जल प्रवाह और स्वच्छ जल गुणवत्ता इस आर्द्रभूमि की दीर्घकालिक स्थिरता के लिए अनिवार्य है।

प्रदूषण नियंत्रण एवं भूमि उपयोग प्रबंधन-तेजी से बढ़ते शहरी विस्तार तथा कृषि तीव्रता के कारण आर्द्रभूमियाँ प्रदूषण और अतिक्रमण के दबाव में आ रही हैं।


**कार्यालय अधीक्षण अभियंता,**
**लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 2 (छत्तीसगढ़)**
**ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना**
(द्वितीय आमंत्रण)

दिनांक 16.02.2026

निम्नांकित कार्यो हेतु ऑनलाईन निविदा "डी" एवं अधिक श्रेणी के ठेकेदारों के लिये आमंत्रित की जाती है। निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 02.03.2026 तक है।

| एन.आई.टी क्र/ निविदा क्रं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| NIT NO. 297 Tender No. 185713 | धमतरी अनुविभाग के अंतर्गत विभिन्न मार्गो में रोड मार्किंग साईन बोर्ड का कार्य। | रू. 45.00 लाख |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है। (राशि रू. 100.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पर निर्धारित प्रपत्र में शपथ-पत्र एवं न्यूनतम राशि रू. 10.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम पर एनेक्जर-3 का शपथ पत्र , बिड केपेसीटी उपलब्धत्ता बाबत् जानकारी एवं अन्य जानकारी एनआईटी के 2.10 में संलग्न संशोधित प्रपत्रानुसार प्रस्तुत करें।)

निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेग, एवं निविदाकारो द्वारा प्रेषित मूल अभिलेख का लिफाफा में निविदाकारो का मोबाईल न. एवं इमेल आई.डी. का उल्लेख अनिवार्य रुप से करें।

Credible Chhattisgarh
विश्वसनीय छत्तीसगढ़

G-252606765/1

अधीक्षण अभियंता,
लो.नि.वि.,रायपुर मण्डल क्र. 2 (छ.ग.)
आपकी थी चाह, हमने बनाई राह


## रतनपुर में 8 कछुओं की संदिग्ध मौत,शिकार की आशंका बताई

**बिलासपुर ।** धार्मिक नगरी रतनपुर स्थित महामाया मंदिर परिसर के कुंड और बूढ़ा महादेव मंदिर परिसर के तालाब में कछुओं की रहस्यमयी मौत से सनसनी फैल गई है। बुधवार सुबह बूढ़ा महादेव मंदिर के पास स्थित तालाब में एक साथ 8 कछुओं के शव पानी में तैरते मिले। इससे पहले महामाया मंदिर कुंड में भी 2 कछुओं की मौत हो चुकी है। बीते छह दिनों में कुल 10 कछुओं की मौत ने वन विभाग की चिंता बढ़ा दी है।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट में अंदरुनी चोट के संकेत

दो कछुओं की पोस्टमार्टम रिपोर्ट सामने आ चुकी है, जिसमें



अंदरुनी चोट के निशान पाए गए हैं। प्राथमिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि कछुओं को लाठी या किसी भारी वस्तु से पीट-पीटकर मारा गया है। मृत कछुओं की उम्र लगभग चार से पांच महीने बताई जा रही है। ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और शवों को बाहर निकालकर जांच शुरू की। वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। विभाग की टीम मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है तथा मंदिर प्रबंधन और सुरक्षा कर्मियों से पूछताछ की जा रही है। वन अधिकारियों के अनुसार कछुए अनुसूची-एक के संरक्षित वन्यजीव हैं, जिनकी हत्या गंभीर अपराध की श्रेणी में आती है। यदि शिकार या सुनियोजित हत्या की पुष्टि होती है तो दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। लगातार हो रही इन घटनाओं से क्षेत्र में आक्रोश और चिंता का माहौल है। वन विभाग ने लोगों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना दें, ताकि संरक्षित वन्यजीवों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# विधायक सुनील सोनी ने छत्तीसगढ़ महाविद्यालय में अतिरिक्त कक्ष निर्माण का किया भूमिपूजन


सभापति श्री सूर्यकात राठौड, पार्षद व एमआईसी सदस्य श्री अमर गिदवानी, जोन 4 अध्यक्ष श्री मुरली शर्मा की गणमान्यजनो सहित रही उपस्थिति

**रायपुर (विश्व परिवार)।** आज रायपुर दक्षिण विधायक श्री सुनील सोनी ने रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत रायपुर दक्षिण विधायक निधि मद से रायपुर नगर पालिक निगम जोन 4 अंतर्गत पंडित भगवतीचरण शुक्ल वार्ड क्षेत्र स्थित शासकीय जे. योगानंदम छत्तीसगढ़ महाविद्यालय परिसर में 10 लाख रू. की स्वीकृत लागत से श्रीफल फोड़कर एवं कुदाल चलाकर कार्यारंभ किया।

भूमिपूजन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रायपुर दक्षिण विधायक श्री सुनील सोनी सहित नगर निगम रायपुर के सभापति श्री सूर्यकांत राठौड, पंडित भगवतीचरण शुक्ल वार्ड पार्षद एवं नगर निगम संस्कृति विभाग अध्यक्ष श्री अमर गिदवानी, नगर निगम जोन 4 जोन अध्यक्ष श्री मुरली शर्मा, छत्तीसगढ़ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. तपेशचंद्र गुप्ता, मंडल अध्यक्ष श्री सुनील कुकरेजा,सामाजिक कार्यकर्त्ता पल्लवी पाण्डेय, अंकित निहाल, नगर निगम जोन 4 जोन कमिश्नर श्री अरूण ध्रुव, कार्यपालन अभियंता श्री शेखर सिंह, सहायक अभियंता श्री दीपक देवांगन, उपअभियंता श्री हिमांशु चंद्राकर, सुश्री अंकिता अग्रवाल, शासकीय छत्तीसगढ़ महाविद्यालय के प्राध्यापको, विद्यार्थियों सहित गणमान्यजनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं की बडी संख्या में उपस्थिति रही।

रायपुर दक्षिण विधायक श्री सुनील सोनी ने भूमिपूजन करते हुए जोन 4 जोन कमिश्नर एवं अधिकारियों को तत्काल शासकीय छत्तीसगढ़ महाविद्यालय में दक्षिण विधायक निधि से स्वीकृति अनुसार अतिरिक्त कक्ष निर्माण प्रारंभ कर समय सीमा में सतत मॉनिटरिंग कर गुणवत्ता युक्त तरीके से पूर्ण करवाना प्राथमिकता से किये जाने निर्देशित किया। दक्षिण विधायक ने विद्या की माता देवी सरस्वती के छायाचित्र में माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया ।

रायपुर दक्षिण विधायक श्री सुनील सोनी ने कहा कि उन्होने 4 माह पूर्व छत्तीसगढ़ महाविद्यालय में अतिरिक्त कक्ष बनवाने आवश्यक राशि की घोषणा की थी। उसे स्वीकृत कर कार्य आरंभ करवा दिया गया है। शीघ्र ही कार्य पूर्ण होगा एवं इसका लोकार्पण किया जायेगा। नया अतिरिक्त कक्ष बनने से शासकीय छत्तीसगढ़ कालेज के प्राध्यापकगण एवं विद्यार्थीगण यहां विविध सकारात्मक गतिविधियां नियमित रूप से कर सकेंगे। महाविद्यालय प्राचार्य श्री तपेशचंद्र गुप्ता ने रायपुर दक्षिण विधायक श्री सुनील सोनी को विधायक निधि से राशि स्वीकृत कर महाविद्यालय परिसर में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य प्रारंभ करवाने पर महाविद्यालय प्रशासन की ओर से हार्दिक धन्यवाद दिया।

# शिवाजी महाराज की जयंती पर तात्यापारा में हुआ कार्यक्रम, जीई रोड में लगा लंबा जाम

**रायपुर (विश्व परिवार)।** राजधानी में महाराज छत्रपति शिवाजी की जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम हुए। तात्यापारा चौक आयोजित कार्यक्रम में अनेक लोक शामिल हुए। मिली जानकारी के अनुसार आज इस कार्यक्रम के कारण जीई रोड में लंबा जाम लग गया, जिससे आने-जाने वालों को बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

मिली जानकारी के अनुसार छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती राजधानी में धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर छत्रपति शिवाजी की मूर्ति पर मालार्पण किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में भाजपाई तथा बजरंग दल के नेता शामिल हुए। वक्ताओं ने छत्रपति शिवाजी के उल्लेखनीय कार्यों के लिए याद किया गया।

आज शाम को छत्रपति शिवाजी की जीवन पर आधारित



जड़ता राजा का मंचन किया जाएगा, जिसमें मुख्यमंत्री मुख्य अतिथि होंगे। यह कार्यक्रम एक पुणे की संस्था द्वारा दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें स्थानीय कलाकारों का भी सहयोग लिया जाएगा।

मराठा युवा समाज के नेतृत्व में टिकरापारा स्थित शिवाजी पार्क चौक पर दीप प्रज्वलन किया गया। इसके बाद युवा बाइक से लगभग चार किलोमीटर दूर तात्यापारा स्थित कांस्य प्रतिमा स्थल पर पहुंचे और से माल्यार्पण किया। मराठा युवा समाज के अध्यक्ष नीरज इंगले ने बताया कि हर साल निकलने वाली शोभायात्रा में वीर शिवाजी महाराज की वेशभूषा में युवा घोड़े पर सवार होकर निकलते थे, लेकिन इस साल महामारी में गाइड लाइन को देखते हुए सादगी से जयंती उत्सव मनाया गया।

# संतोषी नगर मार्ग मुख्य मार्ग को अभियान चलाकर किया गया अतिक्रमणमुक्त

■ लगभग 35 अवैध टिन शेड तोड़े गए



**रायपुर (विश्व परिवार)।** आज रायपुर पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला और रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार और नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री विश्वदीप और यातायात एसपी श्री अजय कुमार के निर्देशानुसार एएसपी यातायात श्री विवेक शुक्ला, नगर निगम अपर आयुक्त नगर निवेश श्री पंकज के. शर्मा, नगर निवेशक श्री आभाष मिश्रा, कार्यपालन अभियंता नगर निवेश श्री आशुतोष सिंह, नगर निगम जोन 6 जोन कमिश्नर श्री हितेन्द्र यादव, जोन 10 जोन कमिश्नर श्री विवेकानंद दुबे सहित सम्बंधित यातायात पुलिस प्रशासन एवं नगर निगम मुख्यालय नगर निवेश विभाग उड़न दस्ता, नगर निगम जोन 6 एवं 10 नगर निवेश विभाग की टीम द्वारा राजधानी शहर नगर निगम रायपुर क्षेत्र अंतर्गत जोन 6 एवं 10 क्षेत्र अंतर्गत संतोषी नगर मुख्य मार्ग में टीम प्रहरी अभियान अंतर्गत बाजार क्षेत्र में विभिन्न प्रमुख मार्गो को अतिक्रमण से मुक्त करने व्यापक अभियान के अंतर्गत जनहित में जनसुविधा की दृष्टि से सुगम और सुव्यवस्थित यातायात देने सभी दुकानदारों को पुनः एक बार समझाइश दी गयी कि वे सड़क पर कब्जा ना करें, अन्यथा की स्थिति में सड़क पर रखे उनके सामानों की यातायात जाम की समस्या दूर करने जनहित में सख्तीपूर्वक जब्ती कर ली जाएगी, इस स्थिति के निर्मित होने पर सम्बंधित कब्जाधारी दुकानदार स्वतः जिम्मेदार रहेंगे।

आज चलाये गए जनहितकारी टीम प्रहरी अभियान के अंतर्गत मगर निगम जोन 6 और 10 क्षेत्र में लगभग 20 ठेलो को मार्ग कब्जामुक्त करने जप्त कर लिया गया।

# ग्राम बम्हनी सरपंच सुरेश कौशिक सहित सैकड़ों ग्रामीण भाजपा में शामिल

■ उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व पर जताया विश्वास

**कवर्धा (विश्व परिवार)।** कवर्धा विधानसभा अंतर्गत ग्राम पंचायत बम्हनी के सरपंच सुरेश कौशिक ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ कांग्रेस पार्टी का परित्याग कर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की । सभी ने उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा जी के नेतृत्व, सुशासन और क्षेत्र में हो रहे ऐतिहासिक विकास कार्यों से प्रभावित होकर भाजपा में प्रवेश किया।

भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वालों में प्रमुख रूप से सुरेश कौशिक (सरपंच), संतोष पटेल , योगेश धुर्वे , दुकेश्वर , लाला राम , मोहन , रामायण , छिन्नु , हेमराज , दुखुराम, रामकुमार ,अश्वनी ,रमेश ,मनोहर ,राम औतार ,आशकरण ,कैलाश सहित



बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं युवा शामिल रहे।

इस अवसर पर सरपंच सुरेश कौशिक ने कहा कि उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा जी के नेतृत्व में क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास कार्य हो रहे हैं। भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों और सुशासन से प्रभावित होकर हम सभी ने भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने का निर्णय लिया है। हमें विश्वास है कि भाजपा के साथ जुड़कर हम अपने ग्राम और क्षेत्र के विकास में और अधिक योगदान दे सकेंगे।

भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों ने सभी नए सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि यह भाजपा की जनहितकारी नीतियों, सुशासन और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा जी के प्रति जनता के बढ़ते विश्वास का प्रतीक है। ग्राम बम्हनी में सैकड़ों लोगों का भाजपा में प्रवेश संगठन की बढ़ती ताकत और जनसमर्थन को दर्शाता है।

# परीक्षा को तनाव में न लें विद्यार्थी, लेखन शैली पर देवे विशेष ध्यान



**आरंग (विश्व पविरा)।** आज से दसवीं, बारहवीं की परीक्षाएं शुरू हो रही है।विद्यार्थी परीक्षा की तैयारी में लगे हुए हैं। वहीं नवाचारी शिक्षक महेन्द्र कुमार पटेल ने बच्चों को परीक्षा की तैयारी तनाव मुक्त होकर करने को कहा है। उन्होंने विशेष रूप से परीक्षा तक टीवी मोबाइल से दूरी बनाकर परीक्षा की तैयारी करने व परीक्षा में अच्छी हेंडराइटिंग, लेखन स्पीड, लेखन शैली व विराम चिह्नो पर विशेष जोर देने को कहा है। कुछ बच्चे लेखन स्पीड कम होने के कारण भी बहुत से प्रश्नो के उत्तर जानते हुए भी नही लिख पाते।कुछ बच्चे कठिन प्रश्नों में ही उलझे रह जाते हैं।इस चक्कर में जिन प्रश्नों को बेहतर बना सकते है वह भी छूट जाता है।परीक्षा केवल प्रश्नो के उत्तर जानने का ही नही बल्कि प्रश्नों के उत्तर निर्धारित समय सीमा में बेहतर से बेहतर प्रस्तुत कर पाने का होता है। इसलिए विद्यार्थी बहुत ही सूझबूझ और संयम रखते हुए पेपर बनाए।

# पानी टंकी निर्माण व पाइपलाइन विस्तार का काम जल्द पूरा करें: कमिश्नर

**बिलासपुर (विश्व परिवार)।** घुरू में 15 वें वित्त आयोग से ढाई करोड़ की लागत से पानी टंकी का निर्माण किया जा रहा है,175 केएल की क्षमता से निर्माणाधीन इस टंकी के शुरू हो जाने से घुरू अमेरी क्षेत्र में जल आपूर्ति सुचारू रूप से हो सकेगी। इस निर्माणाधीन पानी टंकी और पाइपलाइन कार्य का आज निगम कमिश्नर श्री प्रकाश कुमार सर्वे ने निरीक्षण किया। इस दौरान निगम कमिश्नर ने अधिकारियों और ठेकेदार को शीघ्र ही इस कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए,विदित है कि पानी टंकी निर्माण में पचास प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है,शेष कार्यों को त्वरित गति से पूरा करने के निर्देश दिए गए है। इसी तरह सिरगिट्टी में हर साल होने वाले जल संकट को दूर करने के लिए अमृत मिशन योजना के तहत संचालित बिरकोना ट्रीटमेंट प्लांट से 9 करोड़ की लागत से सिरगिट्टी तक साढ़े चार किमी पाइपलाइन का विस्तार किया जा रहा है। इस कार्य का भी निगम कमिश्नर श्री प्रकाश कुमार सर्वे ने निरीक्षण किया। निगम कमिश्नर ने कहा कि यह कार्य जनहित की दृष्टी से अत्यंत महत्वपूर्ण है,इस कार्य को जल्द से जल्द गुणवत्ता के साथ पूरा करें ताकि सिरगिट्टी क्षेत्र के वासियों को इसका लाभ मिल सकें। विदित है कि सिरगिट्टी क्षेत्र में गर्मी के मौसम में भू जल स्तर गिरने की वजह से हर साल पानी की समस्या हो जाती है।

# शासकीय शालाओं में शिक्षा की गुणवत्ता और अभ्यर्थियों के भविष्य को लेकर पूरी तरह सजग है सरकार : केदार

**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ के वन एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने सहायक शिक्षक भर्ती-2023 के मसले पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज पर जमकर निशाना साधा है। श्री कश्यप ने कहा है कि बुधवार को आधी रात को राजधानी के सेंट्रल जेल पहुँचकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष घड़ियाली आँसू बहाकर इस मुद्दे पर आंदोलित अभ्यर्थियों को गुमराह करने की ओछी राजनीति कर रहे हैं। सच्चाई यह है कि कांग्रेस की पिछली सरकार ने प्राथमिक स्कूलों में बी.एड. वालों को प्रवेश देकर डी.एड. डिप्लोमाधारकों के भविष्य को संकट में डाला और इस अन्याय के खिलाफ शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने वाले कई अभ्यर्थियों पर एफआईआर दर्ज की गई, जिससे उनके सरकारी नौकरी पाने के भविष्य पर खतरा मंडराने लगा।



प्रदेश के वन मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि बैज को यह कतई नहीं भूलना चाहिए कि कांग्रेस शासनकाल में शिक्षाकर्मियों, और विशेषकर डीएड अभ्यर्थियों का मुद्दा जब आंदोलन के रूप में सड़कों पर सामने आया तब तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने सम्वाद का रास्ता चुनकर समस्या का समाधान करने के बजाय प्रशासन की आड़ में टकराव और बल प्रयोग कर लाठीचार्ज किया था। सहायक शिक्षक भर्ती 2023 के संबंध में वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए श्री कश्यप ने कहा है कि राज्य सरकार शासकीय शालाओं में शिक्षा की गुणवत्ता और योग्य अभ्यर्थियों के भविष्य को लेकर पूरी तरह सजग है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और नए अभ्यर्थियों के हितों का संरक्षण हमारी प्राथमिकता है। न्यायालय के निर्देशानुसार, सहायक शिक्षक भर्ती प्रक्रिया के पाँचवें चरण में 2621 बी.एड. योग्यताधारी शिक्षकों के स्थान पर डी.एड. अभ्यर्थियों को नियुक्ति प्रक्रिया में शामिल किया गया था।

# बीमा सुविधा की मांग को लेकर संविदा कर्मचारियों ने वित्त मंत्री को लिखा पत्र

**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ सर्व विभागीय संविदा कर्मचारी संघ ने राज्य के वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी को पत्र लिखकर राज्य के संविदा कर्मचारियों को नियमित कर्मचारियों की भांति बीमा सुविधा प्रदान करने की मांग की है।

संघ ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि राज्य सरकार द्वारा नियमित कर्मचारियों के लिए गवर्नमेंट सैलरी पैकेज के अंतर्गत भारतीय स्टेट बैंक (स्बब्ध) के साथ एमओयू किया गया है। इस पैकेज के तहत नियमित कर्मचारियों को 1 करोड़ 60 लाख रुपये का एयर एक्सीडेंट इंश्योरेंस, 1 करोड़ रुपये का पर्सनल एक्सीडेंट इंश्योरेंस, 10 लाख रुपये का ग्रुप टर्म लाइफ इंश्योरेंस, बिना किसी अतिरिक्त प्रीमियम के बीमा सुरक्षा, बैंक कार्ड के माध्यम से अतिरिक्त बीमा सुविधा तथा स्वास्थ्य बीमा में रियायती दर पर टॉप-अप जैसी महत्वपूर्ण सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा प्रदान की जा रही है।

छत्तीसगढ़ सर्व विभागीय संविदा कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष श्री कौसलेश तिवारी एवं प्रदेश प्रवक्ता श्री पुरन दास ने बताया कि प्रदेश में 50,000 से अधिक संविदा कर्मचारी स्वास्थ्य, पंचायत, शिक्षा, नगरीय प्रशासन, महिला एवं बाल विकास सहित विभिन्न विभागों में लंबे समय से अल्प वेतन में कार्य कर रहे हैं। संविदा कर्मचारी भी नियमित कर्मचारियों के समान शासकीय दायित्वों का निर्वहन करते हैं, लेकिन उन्हें समान सामाजिक सुरक्षा सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं।

संघ ने यह भी कहा कि सेवा के दौरान किसी संविदा कर्मचारी के साथ आकस्मिक दुर्घटना या अप्रत्याशित मृत्यु होने की स्थिति में उनके परिवार को गंभीर सामाजिक एवं आर्थिक संकट का सामना करना पड़ता है। केवल संविदा नियुक्ति के आधार पर कर्मचारियों को जीवन एवं दुर्घटना बीमा जैसी मूलभूत सुरक्षा से वंचित रखना समानता एवं सामाजिक न्याय की भावना के विपरीत है।

# पीएम आवास योजना परिसरों के रहवासियों को सुगम पेयजल आपूर्ति व सफाई प्रबंधन देने अधिकारी फोकस करें: महापौर

■ जनसमस्या निराकरण हेतु सकारात्मक पहल



**रायपुर (विश्व परिवार)।** नगर पालिक निगम रायपुर के मुख्यालय भवन महात्मा गाँधी सदन की नगर निगम प्रधानमंत्री आवास योजना शाखा के सम्बंधित अधिकारीगण रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना आवासीय परिसरो में घूमेंगे एवं वहाँ के रहवासियों से मिलकर उनसे आवासीय परिसर में मौलिक समस्याओ एवं सुविधाओं की उपलब्धता की जानकारी प्राप्त करने प्रत्यक्ष निरीक्षण करेंगे। किसी भी मौलिक सुविधा जैसे सफाई, पानी, प्रकाश व्यवस्था आदि में कोई भी कमी किसी भी प्रधानमंत्री आवास योजना परिसर में मिलने पर तत्काल अधिकारीगण संबंधित जोन क्षेत्र के के जोन कमिश्नर एवं संबंधित जोन अधिकारियों को इससे तत्काल अवगत कराकर उन्हें शीघ्र निराकरण करवाने हेतु कहेंगे। जोन कार्यालय के संबंधित अधिकारी तत्काल संबंधित आवासीय परिसर क्षेत्र स्थल पहुंचकर रहवासियों से मिलेंगे और जनसमस्याओं की प्रत्यक्ष जानकारी लेकर उनका यथासंभव शीघ्र निराकरण करवाने का कार्य प्राथमिकता के साथ करायेंगे। उक्ताशय के निर्देश नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने निगम मुख्यालय प्रधानमंत्री आवास योजना शाखा के अधिकारियों एवं जोन अधिकारियों को दिये हैँ, महापौर ने प्रधानमंत्री आवास योजना परिसरों के रहवासियों की मौलिक समस्याओं की जानकारी लेकर उनका जोन के माध्यम से शीघ्र त्वरित निराकरण हेतु सकारात्मक पहल की है ।

महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने अधिकारियों को प्रधानमंत्री आवास योजना परिसरों के निरीक्षण में सुगम पेयजल आपूर्ति व्यवस्था और सफाई व्यवस्था के प्रबंधन की उपलब्धता की जानकारी लेकर प्रत्यक्ष निरीक्षण कर उससे संबंधित जनशिकायतो का तत्काल निराकरण संबंधित जोन अधिकारियों की जानकारी में लाकर करवाने की व्यवस्था देने के निर्देश दिये है। महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने कहा कि गर्मी में पेयजल की उपलब्धता और अच्छी सफाई व्यवस्था देने में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा हीला हवाला कदापि सहन नहीं किया जायेगा।

## अब तो बघेल ओछी राजनीति छोड़कर मर्यादा का पालन करना सीखें: भाजपा

**रायपुर (विश्व परिवार)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता



नलिनीश ठोकने ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा की गई अनर्गल टिप्पणी पर कड़ा आक्रोश व्यक्त किया है। श्री ठोकने ने कहा कि सत्ता से बाहर होते ही बघेल अपना मानसिक संतुलन खो चुके हैं और राम द्रोह के रास्ते पर चलते हुए अब पूजनीय संतों और राष्ट्र नायकों का अपमान करना उनकी नियति बन गई है।

**CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION Co. Ltd.**
(A Government of Chhattisgarh Undertaking) CIN-U40108CT2003SGC015820
O/o Chief Engineer (Sub-station), Raipur Address-Shed No.-04, Danganiya, Raipur-492013
Website-www.cspc.co.in, E-Mail-CE.TnC@cspc.co.in, Phone-0771-2574256, Fax No.-0771-2574267

No. 02-07/Tender/P-1935/1726 Raipur, Dtd. 18.02.2026

**NOTICE INVITING TENDER (Through E-bidding module of SAP-SRM)**

Tenders are invited from eligible bidders for supply of following materials:-

| S. No. | Particulars | Qty. | Earnest Money | Last date/ time for submission of tender |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Supply of 150Watt LED Flood Lights for various EHV S/s under CE (S/s) CSPTCL, Raipur | 1006 Nos. | 30,000/- | 12/03/2026 14:00 Hrs. |

NOTE :- (I) Other terms & condition details etc. regarding tender can be seen on our website www.cspc.co.in

Chief Engineer (Sub-Station)
CSPTCL: Raipur(C.G.)

SAVE ELECTRICITY samvad-46953/3

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

ई-टेंडर नोटिस नं. एनआईटी/14/26/6, तिथिः 10.02.2026

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | टेंडर बंद/खुलने की तिथि एवं समय | मात्रा |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 02254020A | ब्लोवर फोर ऑयल कूलिंग यूनिट विथ केसिंग इन्क्लुडिंग 30 केडब्ल्यू मोटर फॉर ऑयल कूलिंग यूनिट | 05.03.2026 At 10:30 hrs | 32 सेट |
| 2 | 03262975 | डोर वे स्टीफनर क्रोस बार (असेम्बल्ड | 11.03.2026 At 10:30 hrs | 2721 नग |
| 3 | 03262050 | बोगी सेंटर पिवोट बॉटोम फोर कसनब 22एचएस, 22 एचएस (मोड- 1) एंड आईआरएफ 108 एचएस बोगी. | 09.03.2026 At 10:30 hrs | 2146 नग |
| 4 | 03252704 | सेकेंडरी स्प्रिंग आउटर. | 02.03.2026 At 10:30 hrs | 140 नग |
| 5 | 03263402 | बीएमबीएस ब्रेक गियर पार्ट बेल क्रैंक लीवर असेंबली आरएच एस्कोर्ट डीआरजी. नं. 3इबी9791 एएलटी- CO | 03.03.2026 At 10:30 hrs | 846 नग |
| 6 | 02251786 | स्वीच 6 ए-250 व्ही युस्ड एस जेडटीइएल, जेडबीएएन, जेडएफडब्ल्यूए जेडएलएफआर, जेडएलडीए जेडएलएच. जेडएलसी, जेडएलआई, जेडएलडीडी. | 05.03.2026 At 10:30 hrs | 112 सेट |
| 7 | 05251188A | एलईडी सब्सीडियरी सिग्नल (रूट) एंड स्पेसिफिकेशनः आरडीएसओ/एसपीएन/153/2023/आरइव्ही 5.0 एसटीआरः एसआईक्यू 0204 वर्सन 0. | 03.03.2026 At 10:30 hrs | 1499 नग |
| 8 | 05265051 | सप्लाए, इंस्टॉलेशन, टेस्टिंग एंड कमिसनिंग ऑफ ए मिनिमम 02- चैनल व्हॉइस डाटा लोगर/ मोनिटर विथ सर्वर सिस्टम. | 11.03.2026 At 10:30 hrs | 286 नग |
| 9 | 02255012A | ब्रेक कंट्रोल सिस्टम इंक्लुडिंग ड्राएवर्स विजिलेंस कंट्रोल डिवाइस फॉर डब्ल्यूएजी-9 लोकोमोटिव. | 05.03.2026 At 10:30 hrs | 3 नग |

रेलवे को किसी निविदा के लिए शुद्धिपत्र जारी करने का अधिकार है, शुद्धिपत्र और ई खरीद की जरुरी सूचना वेंडर www.ireps.gov.in पर देख सकते हैं।

सहायक सामग्री प्रबंधक-IV
द.पू.मध्य रेलवे, बिलासपुर

सीपीआर/10/693

दैनिक
विश्व परिवार
महानगर
www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com
रायपुर, शुक्रवार 20 फरवरी 2026

## जल संकट से जूझ रहे मुंगेली को जल-जीवन मिशन की सौगात

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** जल जीवन मिशन से मुंगेली जिला मुख्यालय से 25 किलोमीटर दूर ग्राम ठरकपुर में हर घर नल, हर घर जल का सपना साकार हुआ है। मिशन के अंतर्गत ठरकपुर में पाइपलाइन बिछाकर प्रत्येक घर को नल कनेक्शन प्रदान किया गया है। इसके बाद से गांव में न केवल पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित हुई है, बल्कि पानी की गुणवत्ता और नियमितता भी बेहतर हुई है। अब गांव के हर घर में स्वच्छ पेयजल पहुंच रहा है। इसने ठरकपुर की कहानी बदल गई है। कभी पेयजल संकट से जूझने वाले ठरकपुर की तस्वीर आज पूरी तरह बदल चुकी है।



### मुख्यमंत्री ने नव चयनित खनि निरीक्षकों को प्रदान किया नियुक्ति पत्र, ईमानदारी और निष्ठा से कार्य करने का दिया संदेश

# खनिज संपदा से समृद्ध छत्तीसगढ़ के विकास में निभाएं अहम भूमिका: मुख्यमंत्री साय

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज अपने निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित नव नियुक्त खनि निरीक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ खनिज संपदा की दृष्टि से देश के सबसे समृद्ध राज्यों में से एक है और खनिज प्रशासन के प्रभावी संचालन में मैदानी अमले की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है।



मुख्यमंत्री श्री साय ने नव चयनित खनि निरीक्षकों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि युवाओं पर ही देश और प्रदेश का भविष्य निर्भर करता है। उन्होंने कहा कि खनिज विभाग में नई नियुक्तियों से विभागीय कार्यबल मजबूत होगा तथा खनिज अन्वेषण और खनन गतिविधियों को और गति मिलेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नवनियुक्त खनि निरीक्षक अपने दायित्वों का समुचित निर्वहन करते हुए खनिज प्रशासन से जुड़े कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की धरती लौह अयस्क, कोयला, बॉक्साइट, लाइमस्टोन, टिन, डायमंड, गोल्ड और लिथियम सहित विभिन्न खनिज संपदाओं से परिपूर्ण है। खनिज राज्य के राजस्व का प्रमुख स्रोत भी हैं और सरकार खनिज राजस्व में वृद्धि के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री श्री साय ने नवनियुक्त अधिकारियों को खनिज राजस्व वृद्धि में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि खनि निरीक्षक के रूप में आप सभी के ऊपर बड़ी जिम्मेदारी है। पारदर्शिता, ईमानदारी और निष्ठा के साथ कार्य करते हुए राज्य के संसाधनों के संरक्षण और सुव्यवस्थित उपयोग में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

## महादान: भिलाई में सफलता पूर्वक नेत्रदान कराने पर आरंग टीम की हुई सराहना

■ सीएमएचओ चौधरी ने दिया नेत्र सहायक अधिकारियो को बधाई

**आरंग ( विश्व परिवार )।** गत दिवस भिलाई निवासी 80 वर्षीय स्व.अर्जुन लाल साहू के सफलता पूर्वक नेत्रदान कराने पर मुख्य स्वास्थ्य चिकित्सा अधिकारी मिथलेश चौधरी ने आरंग के नेत्र सहायक चिकित्सक टीम की जमकर सराहना किए। उन्होंने गुरूवार को रायपुर में आयोजित मासिक बैठक में

ग्रामीण क्षेत्र में नेत्रदान की पहल और आरंग टीम द्वारा तत्परता पूर्वक समय में सफलता पूर्वक नेत्रदान कराए जाने पर नेत्र सहायक अधिकारी एस पी देवांगन, आर पी यादव, सालिक नौरंगे अन्नपूर्णा वर्मा और डाक्टर रामनारायण दास को प्रशस्ति और




गुलदस्ता भेंटकर सम्मानित किया। साथ ही लोगों को नेत्रदान की प्रक्रिया में असुविधा न हो इसके लिए सीएमएचओ चौधरी ने नेत्रदान संबंधी सभी उपकरण सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र आरंग में उपलब्ध कराने की बात कहा।नेत्र सहायक अधिकारी अन्नपूर्णा वर्मा ने बताया नेत्रदान मृत्युपरांत महज छ: घंटे के भीतर करना होता है। अधिकतर परिजन मृत्यु पश्चात देर बाद इसकी सूचना दे पाते हैं। ऐसे में समय में नेत्रदान की प्रक्रिया पूरी करना चुनौती भरा कार्य होता है।आरंग क्षेत्र में लंबे अंतराल पश्चात कोई 80 वर्ष के बुजुर्ग ने नेत्रदान कर एक मिसाल पेश किए हैं। नेत्रदान में अर्जुन के परिवार और ग्रामीणो का भरपूर सहयोग रहा। वहीं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मिथलेश चौधरी एवं नोडल अधिकारी अंधत्व डॉ समता रंगारी,बीएमओ विजय लक्ष्मी अनंत सहित डाक्टरों, कर्मचारी अधिकारियों ने नेत्र सहायक अधिकारियो की टीम को बधाई दिए हैं।

## महिलाओं के यौन उत्पीड़न को लेकर जागरूकता कार्यक्रम व नुक्कड़ नाटक का हुआ आयोजन



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मैट्स लॉ स्कूल, मैट्स यूनिवर्सिटी, रायपुर (छत्तीसगढ़) के अधीन, द्वारा दिनांक 19/02/2026 को शुभम के-मार्ट, कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) में कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम, 2013 (POSH Act) विषय पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम एवं नुक्कड़ नाटक का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कार्यस्थल पर महिलाओं की गरिमा, सुरक्षा, समानता एवं नैतिक मूल्यों के संरक्षण हेतु POSH अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के प्रति व्यापक जागरूकता फैलाना था। यह अधिनियम कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम, निषेध एवं शिकायतों के प्रभावी निवारण की व्यवस्था सुनिश्चित करता है तथा प्रत्येक संस्थान में आंतरिक शिकायत समिति (ICC) के गठन को अनिवार्य बनाता है। कार्यक्रम विशेष रूप से शुभम के-मार्ट के कर्मचारियों एवं वहाँ उपस्थित आम नागरिकों के लिए आयोजित किया गया। एलएल.बी. के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक में कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की परिस्थितियों, महिलाओं के अधिकारों, नैतिक उत्तरदायित्वों तथा शिकायत निवारण प्रक्रिया को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। यह आयोजन कुलाधिपति श्री गजराज पगारिया जी, कुलपति प्रो. (डॉ.) के. पी. यादव, रजिस्ट्रार श्री गोकुलानंदा पांडा, तथा डायरेक्टर जनरल श्री प्रियेश पगारिया के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

## मुख्यमंत्री साय की उपस्थिति में होगा कैट नेशनल ट्रेड एक्सपो 2026 का भव्य समापन



■ नेशनल ट्रेड एक्सपो 2026 के पोस्टर का हुआ विमोचन

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** देश के सबसे बड़े व्यापारी संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य श्री अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमेन श्री जितेंद्र दोशी, श्री विक्रम सिंहदेव, अध्यक्ष श्री परमानंद जैन, महामंत्री श्री सुरिन्दर सिंह, कोषाध्यक्ष श्री अजय अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष श्री राजेंद्र जग्गी, श्री राम मंधान, श्री वासु मखीजा, श्री भरत जैन, श्री राकेश ओचवानी, श्री शंकर बजाज ने संयुक्त रूप से बताया कि 20 से 24 फरवरी 2026 तक राजधानी रायपुर के बीटीआई ग्राउंड, शंकर नगर में आयोजित होने जा रहे ब्प्ज् नेशनल ट्रेड एक्सपो 2026 को लेकर तैयारियाँ तेजी से आगे बढ़ रही हैं। इसी क्रम में Confederation Of All India Traders (CAIT) के प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से सौजन्य भेंट कर उन्हें इस भव्य व्यापारिक आयोजन में सम्मिलित होने का औपचारिक निमंत्रण प्रदान किया। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने नेशनल ट्रेड एक्सपो 2026 के आधिकारिक पोस्टर का विमोचन किया तथा एक्सपो के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की।

## सहयोग केन्द्र के माध्यम से कार्यकर्ताओं के आवेदनों का हो रहा निराकरण



**रायपुर( विश्व परिवार )।** भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में सहयोग केन्द्र में कार्यकर्ताओं के आवेदनों का लगातार निराकरण हो रहा है। गुरुवार को सहयोग केन्द्र में महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े ने कार्यकर्ताओं के कई आवेदनों का तत्काल निराकरण किया एवं अन्य आवेदनों को संबंधित विभागों में शीघ्र निराकरण करने के लिए भेजा। सहयोग केन्द्र में आज अलग-अलग जिलों से लगभग 50 से अधिक कार्यकर्ता पहुंचे। इस दौरान सहयोग केन्द्र में प्रदेश मंत्री हर्षिता पांडेय एवं प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज मौजूद थे।

### दोहरीकरण कार्य के चलते ट्रेन प्रभावित

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** पश्चिम रेलवे के राजकोट मंडल के जामनगर-लाखाबावल सेक्शन के मध्य दोहरीकरण कार्य के फलस्वरूप दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से होकर चलने वाली निम्न गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा - दिनाँक 24 फरवरी 2026 को शालीमार से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 22906 शालीमार-ओखा एक्सप्रेस हापा स्टेशन में समाप्त होगी। दिनाँक 26 फरवरी 2026 को पोरबंदर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 12905 पोरबंदर-शालीमार एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया जेतलसर-भक्तिनगर होकर शालीमार जायेगी ।

## आयोजन: छत्तीसगढ़ अधिकारी-कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन की प्रदेश स्तरीय बैठक संपन्न

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ अधिकारी -कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रांताध्यक्ष श्री पी आर यादव की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। उक्त प्रांतीय बैठक में प्रमुख रूप से उपप्रांताध्यक्ष श्री आर पी सिंह ,प्रांतीय महामंत्री श्री उमेश मुदलियार,प्रदेश सचिव सी एल दुबे,उपप्रांताध्यक्ष श्री जी एस यादव , वरिष्ठ उपाध्यक्ष विश्वनाथ ध्रुव,जिला संरक्षक विजय झा, संभागीय अध्यक्ष विमल कुंडू,रायपुर जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र उमाठे, सचिव बेनीराम गायकवाड़, कोषाध्यक्ष बी पी कुरील, प्रचार प्रसार सचिव विद्याभूषण दुबे, जिला मंत्री यशवंत भोसले के एन शर्मा , श्री




केदार प्रसाद अग्रवाल , महिला प्रकोष्ठ प्रभारी श्रीमती सविता राय अदक सहित प्रदेश भर के विभिन्न जिलो के जिलाध्यक्ष एवं प्रांतीय पदाधिकारी भारी संख्या में उपस्थित थे। इस महत्वपूर्ण बैठक में निम्नानुसार निर्णय लिये गये। बंगाल के कर्मचारी संगठन की तरह बकाया डी ए एरियर्स के लिए उच्च न्यायालय जाने का निर्णय लिया गया , साथ ही राज्य पुनर्गठन अधिनियम 2000 की धारा 49 (6) के विलोपन के संबंध में आवश्यक कदम उठाने के तहत आंदोलन किये जाने का निर्णय लिया गया हैं। आगामी महाधिवेशन जांजगीर जिले में आयोजन करने का निश्चित किया गया एवं रायपुर जिले के कार्यकारी अध्यक्ष श्री राजेन्द्र उमाठे के द्वारा प्रांतीय अध्यक्ष श्री पी आर यादव जी को रायपुर जिला शाखा की ओर से सुप्रीम कोर्ट द्वारा लिये गये निर्णय का संक्षिप्त सार पत्र सौंपकर सभा को अपने उदबोधन से अवगत कराया। इस प्रांतीय बैठक के सफल आयोजन में रायपुर जिला शाखा के कार्यकारिणी के समस्त पदाधिकारियों के साथ साथ समस्त सदस्यों का विशेष योगदान रहा। उक्त प्रेस विज्ञप्ति जिला शाखा रायपुर के सचिव बेनीराम गायकवाड़ के द्वारा जारी की गई।

## छत्तीसगढ़ के मीडिया दल ने थेगु के वाइब्रेंट विलेज में बदलते स्वरूप को देखा

**सिक्किम से दैनिक विश्व परिवार**
**हरिशंकर सोनी की रिपोर्ट**

**सिक्किम।** भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के पत्र सूचना कार्यालय रायपुर द्वारा आयोजित मीडिया डेलिगेशन ने आज सिक्किम के दुर्गम सीमावर्ती क्षेत्र का दौरा किया। छत्तीसगढ़ के पत्रकारों के इस दल ने समुद्र तल से 13,000 फीट की ऊंचाई पर स्थित थेगु गांव का अवलोकन किया। भारत-चीन सीमा के अत्यंत निकट स्थित इस गांव में पत्रकारों ने केंद्र सरकार की वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम (VVP) की जमीनी हकीकत को देखा और समझा कि कैसे विषम परिस्थितियों में भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (ITBP) विकास की मशाल जलाए हुए है।मीडिया प्रतिनिधिमंडल से बात करते हुए आईटीबीपी के डिप्टी



कमांडेंट श्री अरिमर्दन कुमार सिंह ने कहा, आईटीबीपी यहाँ केवल सीमाओं की रक्षा नहीं कर रही है; हम लोगों के लिए बुनियादी सुविधाओं का भी ध्यान रख रहे हैं। उन्होंने आगे बताया, हम यहाँ पानी, राशन और आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करते हैं। चूंकि ग्रामीणों की आजीविका पशुपालन पर निर्भर है, इसलिए हम उनके पशुओं के लिए विशेष पशु चिकित्सा शिविर और साथ ही निवासियों के लिए नियमित अंतराल पर स्वास्थ्य शिविर आयोजित करते हैं। आईटीबीपी बुनियादी ढांचे के निर्माण और उसके रखरखाव के लिए प्रतिबद्ध है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि यह गांव इस कठोर जलवायु में भी पूरी तरह कार्यात्मक रहे।

### विश्वभारती ऑटोमोबाइल्स, विधानसभा रोड में नई इलेक्ट्रिक क्रांति की शुरुआत

# मारुति सुजुकी की पहली इलेक्ट्रिक एसयूवी ई-विटारा का भव्य शुभारंभ

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मारुति सुज़ुकी इंडिया लिमिटेड की पहली इलेक्ट्रिक स्ङ्क का भव्य शुभारंभ आज विश्वभारती ऑटोमोबाइल्स, विधानसभा रोड शोरूम में उत्साह और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। इस ऐतिहासिक अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्री किसले प्रसाद, उप महाप्रबंधक, बैंक ऑफ बड़ौदा उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री यशवंत अग्रवाल, प्रबंध निदेशक, विश्वभारती ऑटोमोबाइल्स ने की। साथ ही श्री गौरव डेव, रीजनल मैनेजर, मारुति सुज़ुकी इंडिया लिमिटेड, अन्य मारुति अधिकारियों, फाइनेंस टीम एवं मीडिया पार्टनर्स की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।




कार्यक्रम के दौरान वाहन का अनावरण किया गया और उपस्थित अतिथियों एवं ग्राहकों ने तालियों और उत्साह के साथ इस ऐतिहासिक क्षण का स्वागत किया।

इस अवसर पर श्री यशवंत अग्रवाल ने कहा कि यह भारत में मारुति की ओर से एक नई इलेक्ट्रिक युग की शुरुआत है। उन्होंने बताया कि यह इलेक्ट्रिक SUV एक बार चार्ज करने पर 540+ किलोमीटर की प्रभावशाली रेंज प्रदान करेगी। यह वाहन मारुति के अत्याधुनिक Advanced Heartect Electric Platform पर निर्मित है, जो बेहतरीन मजबूती, सुरक्षा और परफॉर्मेंस सुनिश्चित करता है।

सुरक्षा के लिहाज़ से यह वाहन ADAS लेवल 2, सात एयरबैग्स और अन्य उन्नत सुरक्षा फीचर्स से सुसज्जित है, जो इसे अपने सेगमेंट में एक सुरक्षित और अत्याधुनिक विकल्प बनाते हैं। कंपनी ने इस वाहन को 10.99 लाख रुपये (इंट्रोडक्टरी प्राइस) पर लॉन्च किया है, साथ ही Battery as a Service मॉडल के तहत मात्र 3.99 प्रति किलोमीटर की दर से बैटरी सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे ग्राहकों को किफायती और सुविधाजनक इलेक्ट्रिक मोबिलिटी का अनुभव मिलेगा। कार्यक्रम में उपस्थित सभी ग्राहकों ने वाहन को अत्यधिक पसंद किया और शीघ्र खरीदारी की उत्सुकता व्यक्त की। विश्वभारती ऑटोमोबाइल्स के लिए यह लॉन्च न केवल एक उपलब्धि है, बल्कि क्षेत्र में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है। यह लॉन्च भारतीय ऑटोमोबाइल उद्योग में मारुति सुज़ुकी की नई सोच और पर्यावरण के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जो देश को एक स्वच्छ और हरित भविष्य की ओर अग्रसर करेगा।

### श्रीमती इंद्रादेवी धाड़ीवाल का निधन



**रायपुर।** ऐश्वर्या रेसीडेंसी , तेलीबांधा निवासी धर्मनिष्ठ सुश्राविका श्रीमती इंद्रादेवी धाड़ीवाल ( धर्मपत्नी, स्व, श्री निर्मल चंद जी धाड़ीवाल ) का निधन मुंबई में हो गया। उनका अंतिम संस्कार मुंबई में ही किया गया। वे चयनिका व्यास एवं मनीषा मुकीम की माता जी थी।

### श्री राजेश कुमारजी कर्णावट का निधन



**दुर्ग ।** व्यथित हृदय से सूचित करते है कि श्री राजेश कुमारजी कर्णावट (सुपुत्र- स्व. श्री दुलीचंद जी कर्णावट) दुर्ग का दुखद निधन आज 17 फरवरी 2026 रात्रि 2.30 को हो गया है। आप श्री की अंतिम यात्रा दिनांक 20 फरवरी दोपहर 03-00 बजे निवास स्थल मालवीय नगर दुर्ग से हरनाबांधा मुक्तिधाम दुर्ग के लिए निकलेगी। शोकाकुल परिवार- कर्णावट परिवार दुर्ग। सेठीया परिवार धमतरी,रायपुर (ससुराल पक्ष)।




RAIPUR BUSINESS HUB
ITR फाईल बनवाएं मात्र 500/-
GST रजिस्ट्रेशन | TDS रिफंड
CMA DATA | BALANCE SHEET
MSME रजिस्ट्रेशन | फूड लाइसेंस
प्रोजेक्ट रिपोर्ट | TAX AUDIT
हमारे TAX EXPERT आपकी मदद हेतु तैयार हैं
(व्हाट्सएप पर भी बनवाएं)
संपर्क - शेखर गुप्ता 9300755544, 8878655544

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354